


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः15 | ग्वालियर, 23 नवम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज़ ट्रैक

### कांग्रेस को इन दलों से मिलेगा ऑक्सीजन, क्या फिर दोहरा पाएगी 2018 का प्रदर्शन?



**भोपाल ।**इस साल के आखिर में देश के पांच राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसे लेकर राजनीतिक पार्टियां भी एक्टिव हो गई हैं और उनके दिग्गज नेता चुनावी प्रचार में जुट गए हैं. आज हम मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की बात करेंगे. कांग्रेस एमपी चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अन्य दलों से भी गठबंधन कर रही है. आइये जानते हैं कांग्रेस ने क्या समीकरण सेट किया है.मध्य प्रदेश में इस वक्त भारतीय जनता पार्टीी सरकार है. भाजपा ने एक बार फिर सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक दी है. बीजेपी ने एमपी चुनाव में कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों पर भी दांव लगाया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद भी मोर्चा संभाल रखा है. भाजपा की रणनीति को फेल करने और सत्ता से हटाने के लिए कांग्रेस और सपा के एक साथ आने की चर्चा चल रही है. साथ ही जयस भी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी. मध्य प्रदेश की सियासत से जुड़ी बड़ी खबर आ रही है कि कांग्रेस-सपा एमपी चुनाव में एक साथ आ सकते हैं. उत्तर प्रदेश से सटे मध्य प्रदेश की यादव बहुल्य सीटों पर सपा की नजर है. समाजवादी पार्टी ने पांच सीटों पर दावा ठोका है. अब सपा द्वारा मांगी गई सीटों पर सर्वे शुरू हो गया है. सपा ने निवाड़ी, ब?ामलहरा, बिजावर, मुलताई, परसवाड़ा सीटों की मांग की है. आदिवासी युवाओं के संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने भी कांग्रेस से पांच सीटों की मांग की है. उसने आदिवासी बाहुल्य सीटों पर दावा किया है. उसने मालवा-निमाड़ और बैतूल जिलों से सीटें मांगी हैं, लेकिन जयस नेता कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे. अब सर्वे रिपोर्ट के बाद ही सीट शेयरिंग तय होगी.

### फिक्र मत करो, हम जल्द मिलेंगे, उत्तरकाशी टनल में फंसे मजदूरों ने अपने परिवारवालों से की बात




उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग दुर्घटना को 10 दिन से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन वहां फंसे 41 मजदूरों को अब तक बाहर नहीं निकाला जा सका है. हालांकि, कुछ मजदूरों के परिवारवालों ने वॉकी टॉकी की मदद से टनल में फंसे अपने प्रियजनों से बात की. इस बीच इंद्रजीत कुमार नाम के शख्स ने भी टनल में फंसे अपने परिजनों से बात की. मुताबिक इंद्रजीत ने बताया कि टनल में उनके बड़े भाई विश्वजीत और रिश्तेदार सुबोध कुमार फंसे हैं. उन्होंने कहा, ÷मेरे भाई ने मुझसे चिंता न करने के लिए कहा और कहा कि हम जल्द ही बाहर मिलेंगे.÷

**बच्चे कर रहे लौटने का इंतजार**–झारखंड के गिरिडीह के रहने वाले इंद्रजीत ने बुधवार (22 नवंबर) को कहा, ÷विश्वजीत के तीन बच्चे उसके लौटने का इंतजार कर रहे हैं और उसके लिए प्रार्थना कर रहे हैं. मैंने उसे दिवाली पर फोन किया था, लेकिन संपर्क नहीं हो सका. जब मैंने उसके एक सहकर्मी से संपर्क किया तो उसने मुझे बताया कि विश्वजीत सुरंग के अंदर फंस गया है. मैं अगले दिन यहां पहुंचा.÷ उन्होंने कहा कि मंगलवार (21 नवंबर) को बचाव दल की ओर से जारी मजदूरों के एक वीडियो में उन्होंने विश्वजीत और सुबोध को देखा. उन्होंने कहा, ÷वे दोनों ठीक हैं. आज मैंने उनकी आवाजें सुनीं. उन्होंने मुझसे कहा कि कुछ और घंटों की बात है. हम जल्द बाहर निकल आएंगे.÷

**फिक्र न करें और हम जल्द ही मिलेंगे**–इंद्रजीत की ही तरह देवाशीष ने भी अपने बहनोई सोनू शाह से बात की. सोनू भी सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं. देवाशीष ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मजदूर जल्द ही टनल से बाहर आ जाएंगे. देवाशीष ने कहा, ÷आज हमने अपने परिवार के सदस्यों से बात की. सोनू ने मुझसे बार-बार कहा, अब फिक्र न करें और हम जल्द ही मिलेंगे.÷ उन्होंने कहा कि उनके परिवार को अखबार में सोनू का नाम देखने के बाद पता चला कि वह सुरंग के अंदर फंस गए हैं.

**आवाज सुनकर मिली राहत**–वहीं, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के रहने वाले बिक्रम सिंह भी अपने भाई पुष्कर सिंह का इंतजार कर रहे हैं. बिक्रम ने कहा, ÷आज पुष्कर की आवाज सुनकर मुझे थोड़ी राहत महसूस हुई. मुझे उम्मीद है कि मैं जल्द ही उनसे मिलूंगा. मेरा भाई एक बहादुर आदमी है. उसने मुझे खुश रहने के लिए कहा और मुझे यकीन है कि वह अंदर से दूसरों को प्रेरित कर रहा होगा.÷

अपने भाई वीरेंद्र से दोबारा मिलने का इंतजार कर रहे बिहार के बांका से आए देवेंद्र ने कहा, ÷मैंने इस साइट पर काम किया है, इसलिए मुझे पता था कि इस सुरंग के ढहने संभावना थी. मैं अब खुश और संतुष्ट हूं कि बचाव अभियान फिर से शुरू हो गया है.÷

**मजदूरों को बाहर निकालने के लिए काम जारी**–गौरतलब है कि टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने का काम जारी है. अधिकारियों के अनुसार बचावकर्मियों ने मलबे में 45 मीटर तक चौड़े पाइप डाले हैं. हालांकि, मजदूरों तक पहुंचने के लिए उन्हें लगभग 12 मीटर और ड्रिल करना होगा.

# शिवराज सिंह चौहान को पांचवीं बार मिलेगी सीएम की कुर्सी! कैसा रहा राजनीतिक सफर

मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में मतदान होगा. उसके बाद 3 दिसंबर को वोटों की गिनती होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे. इस विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है. दोनों पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार करने में लगी हैं. सूबे के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पांचवीं बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नजर बनाए हुए हैं. अपने तीन दशक के राजनीतिक करियर में चौहान ने चार बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली है.

**मामा उपनाम से लोकप्रिय हैं शिवराज**–मध्य प्रदेश में मामा उपनाम से प्रसिद्ध मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने इस बार सत्ता में वापसी करने की बड़ी चुनौती है. क्योंकि 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सत्ता से बेदखल हो चुकी है, लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आने की वजह से शिवराज सिंह चौहान की सत्ता में वापसी हुई है. हालांकि, शिवराज सिंह चौहान को अपने मामा उपनाम पर पूरा भरोसा है कि वह एक बार फिर से एमपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल होंगे. क्योंकि उनके इस नाम ने ही उन्हें जनता के बीच में प्रसिद्ध किया है और लोगों का भरोसा भी उनपर बढ़ा है. मामा उपनाम के चलते ही लोगों में उनकी छवि एक ईमानदार मुख्यमंत्री के रूप में बनी है.




**चुनाव प्रचार में करते हैं इस नाम का जिक्र** –शिवराज सिंह चौहान ने अपने इस उपनाम का चुनाव प्रचार में खूब प्रयोग किया है, इसीलिए इस बार भी वह जनसभा में खुद को मामा कहकर संबोधित कर रहे हैं. कुछ दिन पहले चौहान ने कह दिया अगर मैं चला गया तो बहनो बहुत याद आऊंगा. क्योंकि शिवराज सिंह चौहान की मतदाताओं में विशेषकर महिलाओं में अच्छी पकड़ रही है और वह हमेशा उन्हें बहन कहकर बुलाते हैं. साथ ही वो खुद को मामा बुलवाना पसंद करते हैं.अपने चुनाव प्रचार में वह सिर्फ जनता दे दो ही सवाल पूछ रहे हैं कि, ÷क्या वो भाजपा को वोट देंगे, क्या वो मामा को मुख्यमंत्री बनाएंगे÷ जिसके जवाब में जनता सिर्फ ÷हां÷ ही कहती है. इसी हां के भरोसो शिवराज सिंह चौहान पांचवीं बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं. हालांकि इस बात की कोई गारंटी नहीं है. लेकिन चौहान उसे जीत का फॉर्मूला मान रहे हैं.

**शिवराज सिंह चौहान प्रारंभिक जीवन**–शिवराज सिंह चौहान का जन्म 5 मार्च, 1959 को सीहोर जिले के जैत गांव में हुआ. उनके पिता का नाम प्रेम सिंह चौहान और माता का नाम सुंदर बाई चौहान है. शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मॉडल हायर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पढ़ाई की है. उसके बाद उन्होंने भोपाल के बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की.वह 13 साल की उम्र में राष्टीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए. उसके बाद वह संगठन की छात्र शाखा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभिन्न पदों पर रहे. वह 1970 के दशक में सक्रिय राजनीति में शामिल हुए

## पश्चिम बंगाल में रैली के लिए अमित शाह को मिला निमंत्रण, रोक लगवाने के लिए हाई कोर्ट पहुंच गई पुलिस

कोलकाता पुलिस ने बुधवार (22 नवंबर) को कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी. जिसमें 29 नवंबर को कोलकाता में बीजेपी को रैली आयोजित करने की अनुमति दी थी. 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए बंगाल बीजेपी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से रैली को संबोधित करने का अनुरोध किया, जिसके लिए बंगाल के अलग-अलग जिलों से पार्टी समर्थकों को ट्रेनों और बसों से लाने की तैयारी चल रही है.



**जस्टिस राजशेखर मंथा की पीठ ने दी थी अनुमति** गृह मंत्री अमित शाह ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि वे रैली को संबोधित करेंगे या नहीं. बीजेपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राजशेखर मंथा की एकल पीठ ने सोमवार (20 नवंबर) को रैली की अनुमति दी थी. साथ ही जज ने कहा था कि कोलकाता पुलिस राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए अनुमित जारी करते समय भेदभाव नहीं कर सकती.

**पुलिस ने यातायात बाधित का दिया हवाला**–बीजेपी ने अपनी याचिका में कहा था कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) हर साल 21 जुलाई को उसी स्थान पर रैली करती है. कोलकाता पुलिस का कहना है कि अगर एस्प्लेनेड घंटों तक ब्लॉक रहेगा तो यातायात बाधित हो जाएगा. इस पर बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, ÷एस्प्लेनेड में पुलिस केवल टीएमसी की रैलियां आयोजित करने और बीजेपी, कांग्रेस और वामपंथी दलों को रोकने की अनुमति कैसे दे सकती है?

### पुलिस झूठ बोल रही है, मेरे पास.., अकबरुद्दीन ओवैसी ने पुलिस को धमकाने के मामले में दी सफाई



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल के चीफ असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने पुलिस को धमकाने के मामले में गुरुवार (22 नवबर) को सफाई दी. उन्होंने कहा कि पुलिस झूठ बोल रही है. एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने कहा, डीसीपी और पुलिस झूठ बोल रही है. मेरे पास वीडियो है कि स्टेज पर सीढ़ी चढ़कर वो आ रहे है. मैंने दस बजे के बाद स्पीच दी है तो मेरे खिलाफ कानून के तहत केस करो. सीधा स्टेज पर चढ़कर आकर कहना है कि समय हो गया. पुलिस को ऐसा नहीं करना चाहिए.उन्होंने आगे कहा कि मैंने अनुमति से किया. चुनाव आयोग ने मंजूरी दी थी. मैंने चुनाव आयोग को पूरा वीडियो फुटेज भेज दिया है. चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने भी कहा कि गलती हुई है. मैंने एक पुलिस अफसर के खिलाफ शिकायत की है. दरअसल, अकबरुद्दीन ओवैसी ने तेलंगाना के ललिताबाग में चुनावी रैली करते हुए कहा था कि उन्हें कोई मां का लाल रोकने वाला पैदा नहीं हुआ है.अकबरुद्दीन ओवैसी वीडियो में पुलिस इंस्पेक्टर वाले से कह रहे, मेरे पास घड़ी है. ऐसे में आप यहां से चलिए. क्या समझ रहे हो कि कमजोर हो गए हैं. अभी भी बहुत हिम्मत है. पांच मिनट बोलूंगा. कोई मां का लाल रोकने वाला पैदा नहीं हुआ है. इशारा कर दिया तो तुम्हें दौड़ना पड़ेगा.वहीं डीसीपी रोहित राजू ने बताया कि पूरे मामले को लेकर अकबरुद्दीन ओवैसी के खिलाफ आईपीसी के सेक्शन 353 सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है.

## शिक्षक ने चौथी क्लास के छात्र से जबरन करवाई उठक-बैठक, चली गई बच्चे की जान



ओडिशा के जाजपुर जिले के एक सरकारी स्कूल में चौथी क्लास के छात्र की मंगलवार को उस समय मौत हो गई जब एक शिक्षक ने उसे कथित तौर पर उठक-बैठक करने को मजबूर किया. बच्चा राज्य के ओरली स्थति सूर्य नारायण नोडल उच्च प्राथमिक विद्यालय का छात्र था. उसका नाम रुद्र नारायण सेठी बताया गया है. मंगलवार को 10 साल का छात्र रुद्र दोपहर तीन बजे कक्षा के दौरान स्कूल परिसर में अन्य 4 साथी छात्रों के साथ खेलते देखा गया. इस पर एक शिक्षक को गुस्सा आ गया और उसने छात्र को कथित तौर पर इसकी सजा के लए़ि उठक-बैठक करने का आदेश दिया. इस दौरान बच्चा गिर गया.इस मामले पर रसूलपुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीलांबर मिश्रा से संपर्क कड़िया गया. उन्होंने कहा कि अभी तक इस संबंध में िकसी प्रकार की कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. उन्होंने कहा, ÷अगर हमें औपचारिक शिकायत मिलती है

# अयोध्या : राम मंदिर में 22 जनवरी को इस समय होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, सामने आया शुभ मुहूर्त

अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में राम लला की 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी. अब प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मूहूर्त भी सामने आ गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे. इस मौके पर यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा राष्टी स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के साथ-साथ तमाम प्रतिष्ठित और खास मेहमान मौजूद रहेंगे. इसके साथ ही धर्मनगरी अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा आज यानी 20 नवंबर की रात से शुरू होने जा रही है.

**ये है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त**–मर्यादापुरुषोत्तम राम के मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त मृगषिरा नक्षत्र में दोपहर 12ः20 बजे की जाएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे. बता दें कि इस समारोह को अंतरराष्टीय स्वरूप देने के लिए साकेत निलयम में कल (रविवार) को संघ परिवार की बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें समारोह के अभियान को चार चरणों में बांटकर तैयारियों करने का निर्णय लिया गया. पहला चरण 19 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा. जिसमें समारोह की कार्ययोजना की रूपरेखा तैयारी की जाएगी. इसमें छोटी-छोटी संचालन समितियां बनाई जाएंगी. इसके अलावा जिला और खंड स्तर पर दस-दस लोगों की टोली बनाने का निर्णय लिया गया हजिला और खंड स्तर पर बनाई गई टोलियों में कारसेवकों को शामिल किया जाएगा. इन टोलियों को 250 स्थानों पर बैठकर कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं इस कार्यक्रम की तैयारियों का दूसरा चरण एक जनवरी से शुरू होगा. जिसमें घर-घर जाकर संपर्क करने की योजना है. जिसके तहत 10 करोड़ परिवारों को पूजित अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र और एक पत्रक दिया जाएगा. जिसमें इन लोगों से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की अपील की जाएगी.कार्यक्रम का तीसरा चरण 22 जनवरी को है इस दिन पूरे देश में उत्सव और हर घर में अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा, वहीं चौथे और आखिरी चरण में देशभर के राम भक्तों को रामलला के दर्शन कराने की योजना बनाई गई है. ये चरण गणतंत्र दिवस के मौके पर शुरू होगा जो 22 फरवरी तक चलेगा. जिसके तहत अभियान प्रांतवार चलाया जाएगा. वहीं अवध प्रांत के कार्यकर्ताओं को 31 जनवरी और एक फरवरी को दर्शन कराने पर योजना बनाई गई है.



# 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को है नि :शुल्क विधिक सहायता का अधिकार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्रीमती सुरभि मिश्रा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार तथा श्री हिमांशु कौशल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में आज 22 नवम्बर, 2023 को किशोर न्याय बोर्ड, भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सुश्री अंकिता गुप्ता प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड भिण्ड द्वारा किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत् जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे बालक जो कानून के विरूद्ध कोई कार्य करते हैं, उनके मामलों का प्रथक से ट्रायल किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किया जाता है जिससे की वह सामान्य न्यायालयों में आने वाले आपराधिक प्रकृति के व्यक्तियों से दूर रहें तथा उन्हें मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय उपलब्ध कराया जा सके। उपस्थितजनों को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना के अंतर्गत् जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार है जिसे किशोर न्याय बोर्ड में अधिवक्ता की मांग कर या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही टोल फ्री नं0 15100 पर भी सम्पर्क कर विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# आज मनाया जाएगा बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन,महाआरती के बाद होगा प्रसादी का वितरण

**अर्पित गुप्ता**
**उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**दबोह-** नगर दबोह में हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव ब? ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ नगर की समाजसेवी संस्था श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल व नगरवासियों के सहयोग कोंच रोड स्तिथ गल्ला मंडी ऑफिस के आगे मनाया जायेगा।जिसमे बाबा श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा व उनके दरबार को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया जाएगा।उसके बाद शाम 7-00 बजे बाबा की महाआरती की जाएगी जिसमे बाबा को तरह तरह की मिठाइयों का भोग लगाया जाएगा एवम जन्मोत्सव के चलते केक भी काटा जाएगा व उसके बाद आयोजित भंडारे में हजारो श्रद्धालुओं को भण्डारा प्रसादी वितरण की जाएगी।श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने नगर के सभी श्रद्धालु,नगरवासी व श्याम प्रेमी बन्धुओ से कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा श्याम की पुण्य आरती व भण्डारा ग्रहण करने की अपील की है।

# पुलिस अधीक्षक भिण्ड ने 08 अपराधियों पर 34 हजार का ईनाम घोषित किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव ने जिले में अपराधियों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था के मद्देनजर 08 अपराधियों पर 34 हजार के इनाम घोषित किये हैं।पुलिस अधीक्षक ने आदेश जारी कर अपराधियों को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधि संगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधी को बंदी कराने की सही सूचना देने, बंदी करवाने पर संबंधित व्यक्ति को पुरुस्कृत किया जाएगा।थाना मौ में विभिन्न धाराओं में अपराधी अलीशेर पुत्र तोता खां निवासी बडाहार थाना चिरोर जिला मैनपुरी, दिलवर खां पुत्र चांद खां निवासी बडाहार थाना चिरोर जिला मैनपुरी, मुकेश खां (बंजारा) निवासी बडाहार थाना चिरोर जिला मैनपुरी, फरीद खां पुत्र गूंगा खान (बंजारा) निवासी घुरई थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी उ.प्र. पर 5-5 हजार रूपये, थाना कोतवाली में महेन्द्र सिंह पुत्र कमल सिंह राजावत निवासी सरसई थाना नयागांव पर 5 हजार रूपये एवं थाना लहार अंतर्गत रामू उर्फ रामसिंदूर सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह गुर्जर, रंजीत सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह गुर्जर, शकुंतला देवी पत्नी रविन्द्र सिंह गुर्जर निवासी पर्रायच थाना लहार पर 3-3 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

### जीतो महिलाओं द्वारा धन एवं जीवन सुरक्षा पर परिचर्चा

# जीतो बेंगलुरू नॉर्थ की महिला विंग का आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** जीतो बेंगलुरू नॉर्थ की महिला विंग द्वारा जेपीएफ के अन्तर्गत महिलाओं में धन व जीवन सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्धेश्य से विशेषज्ञों के सानिध्य में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष बिंदु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित इस पेनल परिचर्चा में उत्साही महिलाओं को धन संरक्षण व जीवन सुरक्षा के गुर बताये। फाइनसेफ़ की अनुषा राठौड़ ने कामकाजी महिलाओं से अच्छा लाभ देने वाली निवेश योजनाओं के कई विकल्प साझा किये। उन्होंने निवेश के सुझाव देते हुए बताया कि अपने बचत के पैसों को पब्लिक प्रोविडेंट फंड, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम, म्यूचुअल फंड्स, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करें, जिससे अच्छा रिटर्न मिले और भविष्य सुरक्षित हो सकें।उन्होंने बजाज फिनसर्व के लोन, इन्वेस्टमेंट, कार्ड, इंश्योरेंस और अन्य सेवाओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिये। पैनल चर्चा विशेषज्ञ इंश्योरसन अड्डा की सीमा मेहता ने जीवन बीमा को एक महिला की समग्र वित्तीय योजना में एक रणनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग के बारे में बताया। विशिष्ट वित्तीय स्थितियों और धन सृजन और संरक्षण के लक्ष्यों के आधार पर सावधि और स्थायी जीवन बीमा पॉलिसियों के बीच संतुलन



तथा महिलाओं की बीमा व निवेश आवश्यकताओं की सुरक्षा के लिए निहितार्थ कानूनी सुरक्षा के बारे में भी समझाया। हैप्पी इंश्योरेंश फ़ाइनसर्व के दीपेश मेहता ने इक्विटी म्यूचुअल फंड के संदर्भ में निवेश रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने इसके जोखिम और रिटर्न के बीच संतुलन सुनिश्चित करते समय प्रमुख बातों पर ध्यान आकर्षित किया। उनको बाजार में उतार-चढ़ाव या चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के दौरान दीर्घकालिक समाधान को भी साझा किया। युवा इंश्योरेंश विशेषज्ञ अभिषेक चण्डालिया ने धन संरक्षण के संदर्भ में, महिलाओं को लंबी अवधि में अपने और अपने परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी प्रमुख बातों के साथ संपत्ति नियोजन में जीवन बीमा की भूमिका पर आज की पीढ़ी में स्वास्थ्य बीमा/जीवन बीमा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। फाइनेंशियल लिटरेसी की राष्टीय संयोजिका ऋतु चोरडीया ने कहा कि हमें अपने दस्तावेज़ो को सही और व्यवस्थित रखने हेतु जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अचानक आयी विपत्ति से निपटने हेतु तैयारी ही परिचर्चा का मुख्य लक्ष्य है। राष्टीय स्पान्सरशीप संयोजिका एवं जीतो बेंगलोर साउथ महिला विंग की महामंत्री मोनिका पिरगल ने संचालिका की भूमिका निभाई। मुक्त-प्रवाह वाली चर्चा में लोगों को बोलने और अपने विचार साझा करने हेतु उन्होंने प्रोत्साहित किया। सभी श्रोताओं को धन एवं जीवन सुरक्षा संबंधी शंकाओ के समाधान दिया गया। कार्यक्रम में रोचकता एवं स्थिरता हेतु प्रति घंटे लकी ड्रा निकाला गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। आईएफ़एल द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार से जुड़े सभी विशेषज्ञ, प्रशिक्षक का जीतो द्वारा सम्मान किया गया। नवकार महामंत्र से सेमिनार का प्रारम्भ हुआ। संयोजिका शिखा तातेड एवं सह-संयोजिका संगीता बेताला ने संयुक्त रूप से संचालन किया। केकेजी ज़ोन लेडिस विंग संयोजिका यश्मा जैन, फाइनेंशियल लिटरेसी संयोजिका कोमल जैन एवं कार्यसमिति सदस्य तनुजा मेहता ने क्रमशः सभी का परिचय दिया। बेंगलोर साउथ लेडिस विंग अध्यक्ष सुनीता गांधी ने विचार रखें। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया ।

# आईमाता वडेर तूमकूर में अखंड ज्योत की स्थापना के बाद बरसने लगी केसर

### माता के इस मंदिर में दीपक में से काजल की जगह निकला केशर

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेंणचा**

**तूमकूर।** सीरवी समाज भवन उदघाटन व मंदिर में पाट अखंड ज्योत व तस्वीर की स्थापना विधि विधान से हुई । सीरवी समाज के सचिव रतनलाल सेणचा ने बताया कि दिनांक 17.11.2023 शाम 4.30 से सर्व यज्ञों में सर्वश्रेष्ठ नवग्रह चण्डी दुर्गा महा यज्ञ पंडित शिवश्री विनोद दीक्षित के नेतृत्व में मंत्रोचार के साथ यज्ञ शुरू हुआ और सभी देवी देवताओं को आमंत्रित किया। दिनांक 19.11.2023 को ब्रह्मं मुहूर्त में यज्ञ शुरू हुआ जिसमे धर्मगुरु दीवान साहब के द्वारा महायज्ञ में पूर्ण आहुति दी गई और आई माताजी को आमंत्रित किया । इसके बाद पूर्ण विधि विधान से पाट , अखंड ज्योत व माताजी के



तस्वीर की स्थापना दीवान साहब के कर कमलो द्वारा हुई इस शुभवेला में यह चमत्कार हुआ कि जिस दिन अखंड ज्योत की स्थापना हुई उसी दिन केशर बरसना हुआ। संस्था के अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ ने बधाई देते हुए कहा कि तुमकुर सीरवी समाज के लिए बड़े हर्ष का विषय है। संस्था के पूर्व अध्यक्ष हेमराज सेंणचा ने बताया कि मां दुर्गा का अवतार श्री आईमाता गुजरात के अम्बापुर में अवरीत हुई थी। अम्बापुर में कई चमत्कारों के पश्चात श्री आईमाता जी भ्रमण करते हुए बिलाड़ा आई। मंदिर को केशर ज्योति मंदिर के नाम से देश और दुनिया में जाना जाता है। यहां पर उन्होंने भक्तों को 11 गुण व सदैव सन्मार्ग पर चलने के सदुपदेश दिए तथा ये गुण आज भी लोग जानते है तथा उनके दिए आशीर्वाद को समझ कर उसका पालन भी करते है।इन उपदेशों के बाद एक उन्होंने हजारों भक्तों के समक्ष स्वय को अखंड ज्योति में विलिन कर दिया। इसी अखंड ज्योति से केशर प्रकट होता है जो आज भी मंदिर में माताजी की उपस्थिति का साक्षात् प्रणाम है।

# आयोग द्वारा तय प्राथमिकता की श्रेणियों के अनुसार ही गणना मेज के सामने बैठेंगे उम्मीदवारों के गणना अभिकर्त्ता

**खरगोन से मुन्ना खान**
**पुष्पांजलि टुडे**

विधानसभा चुनाव के लिये डाले गये मतों की गणना पंक्तियों में व्यवस्थित मेजों पर की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक पंक्ति में लगी मेजों को क्रमांक दिया जायेगा। प्रत्येक गणना मेज पर गणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था की जायेगी।निर्वाचन आयोग के अनुसार गणना मेज के सामने उम्मीदवारों के गणना अभिकर्त्ताओं के बैठने की व्यवस्था में प्राथमिकता की श्रेणियों का ध्यान दिया जायेगा। गणना टेबल पर प्रथम पंक्ति में सबसे पहले मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता बैठेंगे। उसके बाद मान्यता प्राप्त राज्य पार्टियों के उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता के बैठ सकेंगे। इनके बाद अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्य दलों के उम्मीदवार के अभिकर्त्ता बैठेंगे। उनके बाद पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता तथा सबसे अंत में निर्दलीय उम्मीदवारों के गणना अभिकर्ता बैठेंगे।

# कोठी प्रीमियर लीग सीजन 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना जिले के कोठी अमर शहीद ठा. रणमत सिंह स्टेडियम में बीते कई वर्षों से नवंबर माह में खेल भावना को ब?ाने के उद्देश्य से कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज हुआ भव्य शुभारंभ इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कोठी तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया सहित नगर परिषद अध्यक्ष शुखवंती बाई सहित समाजसेवी रहे उपस्थित कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीद ठा रणमत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया वही अतिथियों द्वारा खिला?ियों से परिचय प्रक्रिया की गई आज का मैच केजीएन व आरसीएम के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए केजीएन टीम ने 15 ओवर में 150 रन का स्कोर ख?ा किया वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीएम की टीम 123 रन पर ढेर हो गई आपको बता दें पूरे मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अनुज को दिया गया।

# ईवीएम का डिस्पले पैनल देख सकेंगे उम्मीवार के एजेंट

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा के लिए 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के दौरान ईवीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर रिजल्ट बटन दबाते समय प्रत्याशियों के एजेंट को डिस्पले पैनल दिखाने के निर्देश दिये हैं। मतगणना सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि एजेंटों को डिस्पले पैनल दिखाया जाए ताकि वे प्रत्येक प्रत्याशी के पक्ष में डाले गये वोट की गिनती कर सकें, जो कन्ट्रोल यूनिट के डिस्पले पैनल पर प्रदर्शित होंगी। मतगणना सहायक को कंट्रोल यूनिट को इस प्रकार उठाकर रखना होगा कि डिस्पले पैनल न सिर्फ मतगणना का सुपरवाइजर बल्कि मतगणना टेबिल पर बैठे दूसरे मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर और जाली की दूसरी ओर बैठे प्रत्याशी के एजेंट को भी दिखाई दे। यदि कोई एजेंट ईवीएम पर एक बार से अधिक रिजल्ट देखने की इच्छा व्यक्त करेगा तो मतगणना सुपरवाइजर को उसके संतोष के लिए फिर से रिजल्ट दिखाना होगा। जब प्रत्येक मतदान की टेब्युलेशन शीट (फार्म 17-सी) रिटर्निंग ऑफिसर की मेज पर आ जाती है, तो रिटर्निंग ऑफिसर का कर्तव्य होगा कि रिटर्निंग ऑफिसर टेबिल पर बैठे प्रत्याशी उसके एजेंट मतगणना एजेंट को प्रत्येक प्रत्याशी के रिजल्ट को नोट करने दे। चक्रवार परिणाम पत्रक की प्रतियाँ रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रत्याशियों तथा उनके चुनावी एजेंट को दी जाएगी। चक्रवार परिणाम पत्रक की प्रतियाँ, उस चक्र का परिणाम रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा घोषित होते ही दी जाएंगी। मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जायेगी।

# दंदरौआ धाम पर प्रसिद्ध कथावाचक पण्डित प्रदीप मिश्रा करेंगे शिवमहापुराण की कथा

### सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण



**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** दंदरौआ धाम में आगामी 28 नवंबर को प्रसिद्ध कथावाचक शिवभक्त पण्डित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिवमहापुराण की कथा सुनाई जाएगी।जिसकी जानकारी दंदरौआ धाम के महंत श्री श्री1008 श्री रामदासजी महाराज ने दी।आपको बता दें कि कथा का आयोजन 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक होगा।जिसमें लगभग 5 से 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।इसी को ध्यान में रखते हुए भिण्ड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने दंदरौआ धाम पहुंचकर श्री हनुमान जी के दर्शन किए और उसके बाद तैयारी का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीवास्तव ने निर्देश दिए हैं कि आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सारी व्यवस्था चाक चौबंद की जाए और कथा सुनने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में अधिक से अधिक जगहों पर पानी की व्यवस्था रहे।मार्ग पर साफ सफाई के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी चुस्त किया जावे।तथा धाम के चारों ओर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था बाहर ही की गई है।जिससे मंदिर परिसर में बाहन प्रवेश ना कर सकें।तथा व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।धाम के महंत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मेले में तकरीबन 5 से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में एक विशाल टेंट लगाया गया है जिसमें बैठकर श्रद्धालु जन कथा का रसपान कर सकेंगें।मंदिर में भी दर्शन करने के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।जिससे श्रद्धालुओं को कम से कम समय में दर्शन हो जावे ।

आपको बता दें कि शिवमहापुराण की कथा 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलेगी

पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने कहा कि सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं इसके लिए अतिरिक्त बल भी लगाया गया है महाराज जी ने बताया कि मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर लोगों को सूचना के लिए अनाउंसमेंट सिस्टम भी लगाया जा रहा है ।बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाहर ही पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह टॉयलेट,पानी



के पीने के टैंकर लगाए जाएंगे।निरीक्षण के दौरान एसडीएम मेंहगांव, एसडीओ पुलिस बल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।दंदरौआ धाम में शिवमहापुराण की कथा की तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों ने धाम के महाराजश्री गुरु रामदास जी से मीटिंग की।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस विभाग से थाना प्रभारी, ,सब इंस्पेक्टर पुलिस बल आदि कई कर्मचारी भी लगातार कार्यरत है।

# थाना ऊन खरगोन पुलिस ने गश्त के दौरान मवेशियों से भरे दो पिकअप वाहनों को पकड़ा और गायों को जब्त कर लिया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

**जप्त-** 1. एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 46 जी 2651 कीमत 6 लाख रूपये एवं उसमें भरी 10 केडे कीमत 1 लाख रूपये। 2. एक बीना नंबर पिकअप वाहन कीमत 6 लाख रुपए तथा उसमें भरी 10 केडे कीमत 1 लाख रुपए, कुल गौवंश कीमत 2 लाख रुपए तथा वाहन कीमत 12 लाख रुपए।

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज श्री चन्द्रशेखर सोलंकी को मवेशियों के अवैध परिवहन की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह यादव के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस चौकी सेगांव पर गश्त के दौरान अवैध मवेशियों का परिवहन कर रहे पिकअप वाहनों को जब्त कर लिया गया है.

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 22/11/2023 को समय करीब 03ः30 बजे थाना ऊन पर रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर उनि बलवीर सिंह यादव मय हमराह फोर्स आर रात्रि गश्त में लगे हुए थे। 409 जब हुकुम सोलंकी, सैनिक रदतिया, विष्णु ने मवेशियों का परिवहन कर रहे वाहनों को रोका तो ड्राइवर अपने वाहनों से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए और चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 46 जी 2651 कीमती रु. इसमें 600000/- की 10 गायें मिलीं। इसमें पाया गया कि 10 केडे गौवंश कीमत 10 हजार रुपये है। 100000/- रूपये क्रूरता पूर्वक भरे हुए थे तथा एक अन्य वाहन पिकअप की जांच करते समय कीमत 100000/- रूपये थी। 600000/- लाख रुपये मूल्य की 10 पशु केडे 100000/- रूपये बेरहमी से भरे हुए पाए गए। कुल 12 लाख रुपये कीमत का वाहन और 2 लाख रुपये कीमत के 20 मवेशियों को जब्त कर लिया गया है और आरोपी चालक/मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है.उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खरगोन श्री रोहित लखारे के निर्देशन में उनि बलवीर सिंह यादव, आर. 409 हुकुम सोलंकी, सैनिक रादतिया, विष्णु एवं अन्य थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये 7 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन के लिये सहायक शिक्षक ओमकार तिवारी, मानचित्रकार अनिल कुमार शर्मा, ब्लाक समन्वयक असीम सोनी, भृत्य राममिलन कोल, अजय कोल, रामलाल कोल की ड्यूटी चुनाव सामग्री प्रकोष्ठ एवं भृत्य मनीष वर्मा की ड्यूटी डाक वितरण व्यवस्था में लगाई गई थी। जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक द्वारा 22 नवंबर को चुनाव सामग्री प्रकोष्ठ एवं डाक वितरण व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पर ये सातों कर्मचारी कर्त्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों को निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने एवं बिना किसी पूर्व सूचना के कई दिनों से कर्त्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी की है। संबंधितों को जारी नोटिस में कहा गया है कि आपके द्वारा निर्वाचन जैसे अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता बरती गई है। जिससे निर्वाचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य बाधित हुआ है। क्यों न आपके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 के अंतर्गत 2 वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा द्वारा जारी नोटिस का जवाब 24 घंटे के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर देने के निर्देश दिये गये हैं। समय-सीमा में समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।

## ईटीपीबीएस की प्री-काउण्टिग के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 में 17 नवंबर को संपन्न हुये मतदान के मतों की गणना 3 दिसम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) की प्री-काउण्टिग के लिये मुख्य जिला पंचायत अधिकारी डॉ परीक्षित राव झा? को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही नोडल अधिकारी की सहायता के लिये जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस योगेश तिवारी को सहायक नोडल एवं विधानसभावार सहायक अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं। रिजर्व दल में 4 कर्मचारियों को शामिल किया गया है। नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि मतगणना दिनांक 3 दिसंबर को प्रातः 6 बजे से मतगणना स्थल शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्व का निर्वहन करेंगे

### धर्मपरिवार महिला शाखा का हुआ पुनर्गठन

## प्रज्ञा त्रिपाठी अध्यक्ष, संतोषी गुप्ता बनी संरक्षक,युवा शाखा अध्यक्ष सुमित माँजवानी दी बधाई





**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** हिन्दू उत्सव समिति धर्म परिवार के सार्वजनिक दीपोत्सव-2023 के शुभ अवसर पर मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में आजीवन रक्षक नारायण डिगवानी ने महिला शाखा को मजबूती प्रदान करने पूर्व सांसद स्व0 चन्द्रमणी त्रिपाठी की सुपुत्री एवं विंध्य क्षेत्र की जानी मानी धर्मपरायण, समाजसेवी महिला नेत्री श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी को अध्यक्ष बनाने एवं पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गुप्ता को संरक्षक बनाने की घोषणा का युवा अध्यक्ष सुमित मांजवानी ने स्वागत करते हुये बधाई प्रेषित की है।ज्ञातव्य है कि सौदामिनी नर्सिंग कालेज की निर्देशक श्रीमती त्रिपाठी काफी समय से धार्मिक उत्सवों को आगे बड़ाने का पवित्र कार्य कर रही है ऐतिहासिक चुनरी यात्रा निकालने में उन्होने अग्रणी भूमिका निभाई है। धर्म परिवार के साथ जुड़ने से धार्मिक उत्सवों को भव्य रूप प्राप्त होगा। साथ ही सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक, रचनात्मक कार्यो में महिला शाखा की सहभागिता बड़ेगी।धर्मपरिवार के मार्गदर्शक डॉ0 सी0बी0शुक्ला, डॉ0 के0के0 परौहा, डॉ0 नरेश बजाज, राजयोगिनी बी0के0 निर्मला के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसखा यादव, महासचिव सुरेश विश्नोई, युवा शाखा संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, संयोजक रामकृष्ण अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुये अपनी शुभकामनाये दी है।

### 25 नवंबर को होगा विंध्य गौरव अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन

## जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगी देशभर की कई हस्तियाँमायानगरी मुंबई में होगा भव्य सम्मान समारोह

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** स्नेहा इवेंट एंड मैनेजमेंटस द्वारा भारत के अलग- अलग राज्यों पर अवॉर्ड कार्यक्रम के आयोजन किए गए हैं। संस्था के डायरेक्टर विंध्य के वासी विष्णु मिश्रा मुंबई ने बताया कि विंध्य गौरव अवार्ड मध्यप्रदेश के विंध्य का एक प्रतिष्ठित अवार्ड है। हमारा उद्देश्य सांस्कृतिक कृषि,शिक्षा,साइंटिस्ट,स्वास्थ्य,राजनीतिक,एंटरटेनमेंट,बघेली सिनेमा इंटरटेनमेंट,राइटर,कवि,स्पोर्ट्स एवं अन्य कलाओं से जुड़े कलाकारों और मशहूर हस्तियों को यह गौरवपूर्ण अवार्ड प्रदान कराना है। इस अवॉर्ड से धार्मिक,समाजसेवी,संस्थाएं, एनजीओ,भारतीय सेना,मीडिया एवं राजनीति से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर 2023 को होने जा रहे विंध्य गौरव अवॉर्ड का यह गौरवशाली सीजन 3 का आगाज होगा, जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज




कार्यक्रम विराजमान रहेंगे।। कार्यक्रम का दूसरा सीजन विगत 29 दिसंबर 2022 को मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें विंध्य गौरव अवार्ड से कई मशहूर हस्तियों,समाजसेवियों,सैनिकों व कलाकारों सहित उद्योगपतियों को सम्मानित किया गया था। इस इस बार भी मुंबई में 25 नवंबर को विंध्य गौरव अवार्ड कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा हैं। अवार्ड कार्यक्रम में विंध्य गौरव अवार्ड के साथ-साथ पहली बार लाइफ टाईम,विन्ध्य रत्न अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। ख्यातप्राप्त इस बड़े अवॉर्ड कार्यक्रम की तारीख 25 नवंबर तय की गई है। इस ऐलान के बाद कार्यक्रम के लिए प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में नॉमिनेशन का कार्य लगातार जोर शोर से चल रहा है,साथ ही अवार्ड से जुड़ी अन्य तैयारियां भी जोरों से जारी है। अवॉर्ड कार्यक्रम के ऑफिशियल पोस्टर का विमोचन पहले ही किया जा चुका है। अगर आप अपने क्षेत्र जिले राज्य में ऐसी कोई संस्था व्यक्ति या कार्य किया हो, जिसने मानव समाज या जीव उत्थान अथवा प्रकृति के प्रति कुछ प्रेरणादायक कार्य या सेवा में शामिल हो, वह हमारी टीम से जरूर संपर्क करें, ताकि हम उन्हें सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर सकें। संस्था में शामिल 11 लोगों की टीम शामिल हैं जो बिगत 2 वर्ष से आयोजन को भव्यता के साथ संपन्न करती आ रही है।

## चोरी से मोटर लगाकर खेत मे पलेवा देने वाले किसानो की धडपकड़ शुरु

### जे ई रामाशंकर पाठक के नेतृत्व में की जा रही कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**

**रीवा।** इस समय पर जहां किसानो के खेतो मे पलेवा देने



का सिलसिला जारी है वही बिजली विभाग से टीसी न लेकर चोरी छिपे मोटर लगा कर पलेवा देने वाले किसानो की अब खैर नही है क्योकि बिजली चोरी करने वाले किसानो के ऊपर विभाग की नजर पहुंच चुकी है आपको बता दे कि बर्तमान मे वि. वि. केन्द्र गुढ़ जेई रमाशंकर पाठक के नेतृत्व मे बिजली विभाग गुढ़ की टीम मे सामिल के. के. ओझा, योगेन्द्र पाण्डेय, जमाहिर सिंह, सुनील दुबे, सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र, सत्रुघन पटेल, द्वारा विगत 21.11.023 को अपने टीम के साथ पहुंच कर कई किसानो द्वारा बिना टीसी के मोटर चलाए जाने व बिजली चोरी का प्रकरण तैयार कर मोटर तार जप्त किया गया है अतः विभाग का सख्त आदेश है कि किसान टीसी लेकर मोटर पम्प का उपयोग करे और कार्यवाही से बचे।

## रोपित पोधो की निंदाई गुड़ाई कर पानी पिलाया एवं परिसर से गंदा कचरा किया एकत्रित

**नीमच /** पर्यावरण संरक्षण जीवन के लिए अति आवश्यक है इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्य निरन्तर अभियान चला कर चहुं ओर हरियाली बिछाने के कार्य में जुटी हुई है, संस्था सदस्यों द्वारा रविवार दिनांक 19 नवंबर को प्रातः 8 से 10 बजे तक जवाहर नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट टू में 2 घंटे श्रमदान कर पुर्व रोपित पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार, गाजर घास कंटीली झाड़ियां आदि निकाल कर पौधों को पानी पिलाया इसके पश्चात संस्था सदस्यों ने परिसर से प्लास्टिक, पोलेथिन थैलियां, फटे पुराने कपड़े जुते चप्पल, गंदा कचरा आदि एकत्रित किया अभियान में संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव डॉ राकेश वर्मा, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, पेंशनर संघ के वरिष्ठ एम एल जैन, मनीष जैन आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था प्रवक्ता डॉ राकेश वर्मा ने दी है, डॉ राकेश वर्मा प्रवक्ता संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच



# आप अगर न खाते तो मछली पकड़ने वाले न मछली न पकडते न वो मरती।

**उज्जैन (म.प्र.)**मनुष्य द्वारा कुदरत के नियमों को निरंतर तोड़ने से नाराज हो चुकी कुदरत के आने वाले जबरदस्त कहर से बचने के लिए शिक्षा देने वाले, दुखहर्ता, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त महाराज जी ने 11 नवंबर 2023 दोपहर उज्जैन आश्रम में दिए व यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर प्रसारित लाइव सन्देश में बताया कि अभी तक आपसे जो बुरे कर्म बने, उसके लिए प्रभु से माफी मांग लो, कान पकड़ लो, तौबा कर लो, अब गलती नहीं करेंगे। जो जीव हत्या करके या पैसा देकर ही मांस खरीद करके लाये, खाए, आपकी वजह से जीव हत्या हुई, मरी हुई मछली ही आप उठा करके ले लाए, खाए। आप अगर न खाते तो मछली पकड़ने वाले न मछली न पकडते न वो मरती। फिर वह अपनी (कुदरती) मौत मरती। पानी के ऊपर तैरती,



गिद्ध और कौवा खाते हैं। गिद्ध और कौवे का भोजन आप ले आए, जो खाए, चाहे पैसा देकर के लाए, चाहे मार करके खाए, तो पाप के भागीदार तो बने ही बने। जीव हत्या तो आपकी वजह से हुई या आपने किया, पाप तो लगा ही लगा।**एक-एक आदमी के ऊपर न जाने कितने जीव हत्या का पाप लद गया**-देखो जीव हत्या करने वाले, बकरा काटने वाले, मांस निकालने वाले, बेचने वाले, लाने वाले, बनाने वाले, खाने वाले, खिलाने वाले, सबको बराबर पाप लगता है। तो पाप के भागीदार हो गए। बहुत से लोग जान ही नहीं पाते हैं कि सिर पर इतना पाप लद गया है कि मुंह दिखाने के लायक नहीं रह गए। एक-एक आदमी के ऊपर न जाने कितने जीव हत्या का पाप लद गया है, इस बात को आप नहीं समझ पा रहे हो। आप इसको खेल समझ रहे हो। एक समय ऐसा आएगा जब एक-एक चीज का हिसाब सबको देना पड़ेगा। अपने आप चिल्ला उठागें, मैंने पाप किया, मैंने पाप किया, मुझे मेरे पापों की सजा मिल रही है, या प्रभु या भगवान या अल्लाह तआला या पाक परवार दीगार या मेरे गोड, अब मुझे बचाओ। कुदरत है नाराज खड़ी, आगे मुसीबत बड़ी-बड़ी। जब मुसीबतें आएंगी तो एक मिनट में भगवान याद आएगा, इसलिए पाप को काटना बहुत जरूरी है।

संपादकीय

# मालदीव के तीखे तेवर

भारत और मालदीव के संबंध काफी अच्छे रहे हैं। मालदीव उन देशों में शामिल है जिसके साथ संबंधों का इतिहास काफी पुराना है। भारत ने हमेशा मालदीव की मदद ही की है। 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारतीय सेना को भेजकर उस समय के राष्ट्रपति मोमून अब्दुल गयूम की सरकार को बचाया था। भारतीय सेना के जवानों ने विद्रोह पर तुरन्त काबू पा लिया था। मालदीव के पास इतनी सेना नहीं थी कि वह मामूली विद्रोह को काबू में ला सके। 2018 में जब पानी का संकट गहराया तो भारत ने ही मालदीव को जल पहुंचाया था। जरूरत की घड़ी में मालदीव की सहायता करने के लिए कोई अन्य देश नहीं बल्कि भारत ही खड़ा रहा है। मालदीव भारत से 70 समुद्री मील की दूरी परघ्‍ निकटतम पड़ोसी है। शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में भारतीय शिक्षक और डॉक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्यापार हो या पर्यटन भारत उसका सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। भारत उसे चावल, गेहूं का आटा, चीनी, आलू, प्याज, सब्जियां और यहां तक कि नदी की रेत और निर्माण सामग्री जैसी अधिकांश आवश्यक वस्तुएं प्रदान करता है लेकिन अब मालदीव से अच्छी खबर नहीं आ रही है। मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने शपथ ग्रहण करते ही भारत विरोधी राग छेड़ दिया है। राष्ट्रपति मोइज्जू ने भारत से कहा है कि वह अपनी सेना के जवानों को वापिस बुला लें। आधिकारिक तौर पर भारत से ऐसा अनुरोध तब किया गया जब भारत के केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू मालदीव में राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी माले पहुंचे हुए थे। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू चीन समर्थक माने जाते हैं। उनके बयानों से यह साफ है कि वह चीन की सत्ता के बहुत करीब हैं। चीन भारत को घेरने के लिए एक के बाद एक कई देशों पर अपना प्रभाव बढ़ाता जा रहा है ताकि भारत को उलझा कर रखा जा सके। मालदीव में भारत के केवल 70 सैनिक मौजूद हैं और वहां भारत का कोई सैनिक अड्डा नहीं है। चीन के इशारे पर मालदीव को अब सैनिकों की मौजूदगी भी अखर रही है। हिन्द महासागर का यह द्वीपीय देश वैसे तो बहुत छोटा है लेकिन उसकी रणनीतिक और सामरिक स्थिति बहुत महत्वपूर्ण है, वह भारत के लक्षद्वीप से केवल 700 किलोमीटर की दूरी पर है। यह दूरी कम है, क्योंकि सामुद्रिक रास्ते में दूरी और कम हो जाती है। हिंद महासागर के महत्वपूर्ण देश होने के नाते, भारत के इतना करीब होने के नाते और हिंद महासागर में रणनीतिक उपस्थिति की वजह से ही मालदीव इतना अहम है। चीन बार–बार कहता है कि हिंद महासागर नाम होने से वह हिंदुस्तान का महासागर नहीं हो जाता, हालांकि सच तो यह भी है कि विश्व का 90 फीसदी व्यापार अब भी हिंद महासागर से ही होकर होता है। उसमें भारत के द्वीपों का अलग महत्व है और उसी वजह से मालदीव की भूमिका भी बढ़ जाती है, वहां भारतीय सैनिकों की मौजूदगी से फ्री–ट्रेड को सुनिश्चित किया जाता है। भारतीय नौसेना जहां कहीं है वह हिंद महासागर में मुक्त व्यापार को सुनिश्चित करती है, चाहे वह मालदीव में हो या फिर जो छोटे–छोटे द्वीपीय देश हैं, वहां पर भी फ्री ट्रेड को बचाए रखने के साथ ही मेरीटाइम पाइरेसी यानी समुद्री डकैतियों को भी रोकता है। भारत की उपस्थिति यह तय करती है कि पूरे विश्व का व्यापार और माल की आवाजाही स्वतंत्र तौर पर चलती रहे। चीन काफी समय से इस जगह पर अपनी धमक और बढ़त बनाना चाहता है, जिस रणनीति को हम स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स के नाम से जानते हैं, उसी के तहत मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार और कई छोटे–मोटे द्वीपों में भी खासा निवेश कर चुका है। पाकिस्तान में भी उसने खासी रकम निवेश के नाम पर खर्च की है, जिसमें ग्वादर पोर्ट भी शामिल है, भारत नहीं चाहता है कि चीन के कोई भी मंसूबे पूरे हो सकें, इसलिए भारत भी द डायमंड नेकलेस नामक रणनीति बना रहा है, कार्यान्वित कर रहा है। हमारे रणनीतिक, व्यापारिक हित वहां हैं, हमने मालदीव में अच्छा खासा निवेश किया है। इसलिए उसकी सुरक्षा के लिए बस दो हैलिकॉप्टर, एक डॉर्नियर एयरक्राफ्ट दिया है। हम कोई साम्राज्यवादी देश नहीं है, हम बस अपने हितों की सुरक्षा कर रहे हैं। यद्यपि राष्ट्रपति मोहज्जू ने यह भी कहा है कि भारतीय सैनिकों की वापसी के बाद किसी दूसरे देश की सेना के जवानों को बुलाया नहीं जाएगा। उनका इरादा क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ना नहीं है। मालदीव के चुनाव में विदेशी सैनिकों की वापसी राष्ट्रपति मोइज्जू के वादों में प्रमुख रहा है। मालदीव बहुत छोटा सा देश है। अगर वह क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ता है तो यह उसके लिए ही नुक्सानदेह होगा। उम्मीद की जाती है कि मोइज्जू व्यावहारिक वास्तविकताओं को देखते हुए भारत के विरोध में ज्यादा सख्त कदम नहीं उठाएंगे क्योंकि उन्हें भारत के साथ संबंधों को कमजोर करने से सम्भावित परिणामों का एहसास हो सकता है। जो लोग इतिहास से सीखने में असफल होते हैं वे इसे दोहराने के घ्लिए अभिशप्त होते हैं। चीन ने भी मालदीव को ऋण जाल में फंसाया हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति यामीन अभी भी नजरबंद है। ऐसा लगता है कि अब्दुल गयूम के शासन की विरासत को उन तत्वों द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है जो अपने संकीर्ण लाभ के लिए चीन के साथ गठबंधन कर रहे हैं। देखना यह है कि राष्ट्रपति मोइज्जू भारत और चीन में कितना संतुलन बनाकर चलते हैं। मालदीव के इन तेवरों को देखकर भारत को भी अपनी नीति में बदलाव करना होगा।

# दुबई झमाझम बारिश

**आदित्य नारायण**

*वायुमंडल परिवर्तन के प्रभावों से आज का मनुष्य जूझ रहा है और विज्ञान के जरिये इस पर काबू पाने में असफल हो रहा है। अतः जब हम सुनते हैं कि संयुक्त अरब अमीरात जैसे सूखे व रेगिस्तान बहुल देश के दुबई शहर में बाढ़ का नजारा बना हुआ है तो हमें हल्का आश्चर्य होता है।*

प्रकृति पर पार पाना मनुष्य के लिए कभी संभव नहीं रहा है परन्तु प्रकृति का दोहन करना उसके बस में अवश्य रहा है। भौतिकतावादी आर्थिक विकास की दौड़ के मूल में प्रकृति का अधिकाधिक दोहन ही छिपा हुआ है। इसके बावजूद प्रकृति में इतना सामर्थ्य है कि वह पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव–जन्तुओं की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है मगर उनके लालच की नहीं, जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था। जिस जलवायु परिवर्तन और वैश्विक गर्मी का शोर हम सुनते रहते हैं वह प्राकृतिक साधनों का अधिकाधिक दोहन करने वाले मनुष्य के कृत्यों का दुष्परिणाम ही हो सकता है जिससे स्वयं प्रकृति का सन्तुलन ही बिगड़ रहा है। इसके बहुत से उदाहरण औद्योगीकरण के विकास से लेकर अन्तरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में अंधाधुंध ा वैज्ञानिक हस्तक्षेप को लेकर दिये जा सकते हैं जिनमें पृथ्वी की खनिज सम्पदा के दोहन से लेकर सुविधा व आराम तलबी के उपकरणों का विस्तार तक शामिल है। प्रकृति का सन्तुलन वायुमंडल से लेकर जल स्रोतों व नभ की गतिविधियों तक पर निर्भर करता है। जाहिर है कि जब इन सभी स्रोतों से सीमा से अधिक छेड़छाड़ की जाती है तो प्रकृति प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकती है और मौसम इसका पहला शिकार बन सकता है। इसके क्रम में विसंगतियां उत्पन्न हो सकती हैं। रेगिस्तानी इलाके बाढ़ में डूब सकते हैं और समुद्री किनारे प्यासे रह सकते हैं। अल नीनो नामक मौसम बदलाव की नई अवधारणा प्रकट हो सकती है और गर्म इलाके सर्द हो सकते हैं और ठंडक में रहने वाले क्षेत्रों में गर्मी पसर सकती है। हम पूरे विश्व में आज यही सब देख रहे हैं जिसे ग्लोबल वार्मिंग का नाम दिया जा रहा है। वायुमंडल परिवर्तन के प्रभावों से आज का मनुष्य जूझ रहा है और विज्ञान के जरिये इस पर काबू पाने में असफल हो रहा है। अतः जब हम सुनते हैं कि संयुक्त अरब अमीरात जैसे सूखे व रेगिस्तान बहुल देश के दुबई शहर में बाढ़ का नजारा बना हुआ है तो हमें हल्का आश्चर्य होता है। इस देश में हुई बेमौसम बरसात से वैज्ञानिक व दुनिया हैरान है। इसके विश्व प्रसिद्ध दुबई शहर की सड़कों पर पानी खड़ा हुआ है जिस पर खड़े हुए वाहन आधे पानी में डूबे हुए हैं। इसके चकाचौंध वाले 'मालों' में भी पानी घुस चुका है। घरों और शापिंग काम्प्लेक्स में कई–कई फुट पानी घुस चुका है। पूरे शहर का यातायात अस्त–व्यस्त हो चुका है। इस शहर में कहीं कोई नदी नहीं है बल्कि देश की सरकार ने कृत्रिम झीलें व बर्फीले स्थान तैयार किये हैं। इन सभी का अब कोई महत्व नहीं रह गया है, पूरा शहर ही किसी बाढ़ का बसेरा बन चुका है। दुबई शहर केवल रेत और



मिट्टी पर ही बसा हुआ है अतः प्रशासन लोगों से अपील कर रहा है कि वे ऐसे स्थानों पर जाने से बचे जहां मिट्टी व रेत खुले में दिखाई पड़ते हैं क्योंकि पानी की वजह से वे धंस सकते हैं। बुर्ज खलीफा जैसी गगन चुम्बी इमारत के लिए और स्वर्ण खरीद–फरोख्त के लिए प्रसिद्ध दुबई शहर आज पानी का जखीरा बना हुआ है। जलवायु परिवर्तन का यह कहर कुछ वर्षों पहले भारत के राजस्थान राज्य ने भी देखा था जब इसके थार के रेगिस्तानी इलाकों में जमकर बारिश हुई थी बाड़मेर व जैसलमेर जैसे शहरों में बाढ़ के हालात बन गये थे। इससे कई वर्षों पहले पश्चिम एशिया के कुछ देशों में जमकर बर्फबारी भी हुई थी और दूसरी तरफ आजकल यूरोपीय देशों में जमकर गर्मी पड़ने की खबरें भी सुनने को मिल जाती हैं। इस परिवर्तन को हम जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग या वायुमंडल बदलाव आदि किसी भी नाम से पुकार सकते हैं मगर सबकी जड़ में एक ही कारण है कि प्रकृति अपने साथ किये गये बेतरतीब व्यवहार पर घनघोर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है। इसके साथ ही भारत के मौसम वैज्ञानिक यह घोषणा भी कर रहे हैं। इस बार आगामी अप्रैल महीना ही गर्मी का जून महीना जैसा बन जायेगा और इस महीने में समय से पहले ही भारी गर्मी पड़ेगी। यह सब अल नीनो के प्रभाव से होगा। भारतीय वैज्ञानिक विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा की गई भविष्यवाणी को आधार बनाकर यह घोषणा कर रहे हैं अल नीनो का प्रभाव मई महीने तक बना रहेगा। इसे देखकर कहा जा सकता है कि गर्मी पुराने रिकार्ड तोड़ सकती है परन्तु ऐसा हो ही यह भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि अब सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है और इस बार ठंड की सीमा क्या होगी यह भी अल नीनो ही तय करेगा। अल नीनो के दुष्प्रभाव से पेड़–पौधे भी नहीं बच पाते हैं और खेती पर भी इसका बुरा असर पड़ता है जिससे पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव–जन्तुओं के जीवन पर बुरा असर पड़े बिना नहीं रहता। फसलों का क्रम बिगड़ जाता है और पैदावार चौपट रहने का खतरा खड़ा रहता है। इस संकट का कोई एक निश्चित आयाम नहीं होता। अतः वायुमंडल का संरक्षण आज के वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# वृद्ध माता पिता परिवार के वटवृक्ष और धरोहर

**संजीव ठाकुर**

मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट होता है पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतने पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं और पिता वटवृक्ष से घना साया हैं पितृऋण से कभी उबरा नहीं जा सकता। यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं, पर भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां–बाप संतानों के पास रहते हैं। कुछ प्रतिशत छोड़ दिया जाए महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है। वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता ध ीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे–धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ–साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की ध ीरे–धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरु कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है। वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां–बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृ ति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृ तिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन–सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह ध ान की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है। व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो,अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है। वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।

# गूगल ला रहा नया Cubes फीचर फर्जी एंड्रॉइड ऐप की हमेशा के लिए होगी छुट्टी

**निलेश श्रीमाली,
पाटन/गुजरात**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स के लिए कुछ नया करने के लिए तत्पर रहता है तभी गूगल ने एक नया ऐप ष्ब्नइमेष्ट लॉन्च किया है, जिसे आपके एंड्रॉइड डिवाइस में सभी ऐप्स को एक स्थान पर देखने की सुविधा मिलेगी। इस ऐप में आपको सभी ऐप्स के बारे में जानकारी भी मिलेगी। इसे होम स्क्रीन पर एक क्लिक में इस्तेमाल किया जा सकेगा और यह फेक ऐप की पहचान करने में मदद करेगा। इसे बहुत जल्द लॉन्च किया जा सकता है और यह फीचर एंड्रॉइड यूजर्स के लिए होगा।क्यूब्स एक तरह का डैशबोर्ड होगा, जहां आप सभी ऐप को जगह पर कैटेगरी के हिसाब से देख पाएंगे। साथ ही सभी ऐप्स के बारे में जानकारी




हासिल कर पाएंगे। गूगल क्यूब्स फीचर की जानकारी लेटेस्ट गूगल प्ले अपडेट से मिली है। गूगल क्यूब्स एक तरह से सभी ऐप्स का सेंट्रल हब होगा, जहां आप उस ऐप को कितनी देर इस्तेमाल किया गया है? साथ ही उस ऐप की रेटिंग और अन्य जानकारी की डिटेल हासिल की जा सकेगी।Cubes में आपको सोशल, शॉपिंग, गेम्स और फूड की कई सारी कैटेगरी मिलेंगी। गूगल इसे होम स्क्रीन पर ऐप करने को लेकर काम कर रहा है, जिससे एक सिंगल क्लिक में सारी कैटेगरी की जानकारी हासिल कर पाएंगे। इससे यूजर्स को ऐप्स पर कंट्रोल हो जाएगा। खासकर कुछ संदिग्ध और फ्रॉड ऐप होते हैं वह क्यूब्स पहचानलेगा और आपको बताएगा या खुद ही ऐसे ऐप को डिलीट करने में आपकी मदद करेगा।

## न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ट्रेंट बोल्ट ने डेरिल मिशेल और टिम साउथी को कबड्डी खेलने के लिए नामित किया

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ट्रेंट बोल्ट, मिशेल सेंटनर और टॉम लैथम को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत में रहने के दौरान प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) की कुछ झलकियाँ दिखाई गईं। तीनों ही खिलाड़ियों को कबड्डी का खेल दिलचस्प लगा। खेल को लेकर विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लैथम ने कहा, यह एक सुंदर शारीरिक खेल जैसा दिखता है। यह रग्बी के समान दिखता है, जिसमें लोग एक आदमी को लाइन में आने से रोकने के लिए टीम बनाते हैं। मैं इस खेल के लिए ग्लेन फिलिप्स को नामित करूंगा। वह एक शक्तिशाली पॉकेट रॉकेट हैं। इस बीच, तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अपने साथियों डेरिल मिशेल और टिम साउथी को कबड्डी में हाथ आजमाने का समर्थन करते हुए कहा, मैंने इसे कई बार देखा है। मुझे लगता है कि इस खेल के लिए आपको मजबूत पैरों की जरूरत है। मैं डेरिल मिशेल और टिम साउथी को इस खेल को खेलने के लिए आगे रखूंगा। इसके अलावा, हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल सैंटनर अपने साथी ग्लेन फिलिप्स को कबड्डी खेलते हुए देखना चाहते हैं, मुझमें शायद इस खेल के लिए फुर्तीलापन है, लेकिन ताकत नहीं। आपको कबड्डी के लिए चुस्त और मजबूत होने की जरूरत है। लॉकी फर्ग्यूसन अच्छा खेल सकते हैं, उनके पास एक मजबूत कोर और बड़े पैर हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम घोषित, बदल गए हैं कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 18 सदस्यीय टेस्ट टीम की घोषणा कर दी है। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत 14 दिसंबर को पर्थ में पहले टेस्ट से होनी है। पाकिस्तान टीम की कप्तानी शान मसूद के हाथ में है। चयनकर्ता वहाब रियाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए टीम का गठन किया गया है। हमने पिचों को ध्यान में रखा है और टीम में अधिक तेज गेंदबाजों को जोड़ा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रबंधन तीनों टेस्ट मैचों में टीम संयोजन के साथ लचीला हो सके। रियाज ने कहा कि सईम अयूब को इस साल उनके असाधारण घरेलू सीज़न के बाद टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कायद-ए-आजम ट्रॉफी और पाकिस्तान कप के दौरान बल्ले से प्रभावित किया था। उनके शामिल होने से हमारी मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत होगी। इस साल की शुरुआत में श्रीलंका में अपनी सफलता के बाद पाकिस्तान ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 ??की वास्तव में अच्छी शुरुआत की है। हमें उम्मीद है कि टीम इस लय को ऑस्ट्रेलिया में भी जारी रखेगी। हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि टीम के पास ऑस्ट्रेलिया में सफलता पाने के लिए सभी प्रासंगिक संसाधन हों।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम**

शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम , शाहीन, आमेर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार, फहीम, हसन अली, इमाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, रिजवान, वसीम जूनियर, नौमान अली, सईम अयूब, आगा सलमान, सरफराज, सऊद शकील।

## सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर बनने पर

**बेंगलुरु ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया की निगाह लगातार तीसरी बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल करने पर टिकी हैं। उन्हें फिर से एफआईएच हॉकी स्टार अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया है। सविता को इससे पहले 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्ष यह पुरस्कार हासिल करूंगी और मुझे फिर से नामित किया जाएगा। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए, मेरे परिवार के लिए और मेरे साथियों के लिए गौरवशाली क्षण है। सविता ने कहा कि जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं इतने आगे तक जाऊंगी। टीम खेल में कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर नहीं बल्कि टीमवर्क पर आधारित होती है। जब आपकी कड़ी मेहनत को मान्यता मिलती है तो इससे अच्छा लगता है और इससे पूरी टीम प्रेरित होती है।




## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए की 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर के बीच होने वाले 5 देशों के टूर्नामेंट से पहले बेंगलुरु के साई सेंटर में 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की है।

भारत, आयरलैंड, जर्मनी, बेल्जियम और मेजबान स्पेन वालेंसिया में पांच देशों के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह 13 जनवरी 2023 से शुरू होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस महीने की शुरुआत में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद कैंप में लौटने पर भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी आत्मविश्वास महसूस करेंगी। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत इस टूर्नामेंट में अजेय रहा। टूर्नामेंट में चीन,



कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड ने भी भाग लिया था।भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने शिविर को लेकर कहा, एशियाई खेलों में कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक के साथ हम पिछले कुछ महीनों में अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी गति बरकरार रखें और यह सुनिश्चित करें कि हम अगले साल महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए सही मानसिक स्थिति में बने रहें। हमारी नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं और एक स्थान सुनिश्चित करने के लिए हमें एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पांच देशों का टूर्नामेंट हमारे लिए यूरोपीय टीमों के खिलाफ खुद को परखने और अपनी रणनीतियों की योजना बनाने और जरूरत पड़ने पर संशोधन करने का एक अच्छा मौका है। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर हमें एक बार फिर से संगठित होने और उन क्षेत्रों पर काम करने की अनुमति देगा, जहां हमें अभी भी सुधार करने की जरूरत है और हमें एक रोडमैप प्रदान करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम अपने तत्काल लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

**भारतीय महिला हॉकी टीम की 34 सदस्यीय कोर ग्रुप इस प्रकार है:**

गोलकीपर :- सविता, रजनी एतिमारपु, बिच्छू देवी खारिबाम, बंसरी सोलंकी।

डिफेंडर्स :- दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।

मिडफील्डर :- निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर।

फॉरवर्ड:- लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।

## पीकेएल 10: गुजरात जायंट्स के प्रशिक्षण शिविर से जुड़े फज़ल अत्राचली, मोहम्मद नबीबक्श

**अहमदाबाद।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीज़न के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फज़ल अत्राचली और मोहम्मद नबीबक्श अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाले गुजरात जायंट्स के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो गए हैं। टीम को चतुर रणनीतिज्ञ राम मेहर सिंह द्वारा



प्रशिक्षित किया जा रहा है। वर्तमान में, गुजरात जायंट्स टीम प्री-सीज़न के दौरान एक बहुत ही गहन और सुनियोजित प्रशिक्षण शिविर से गुजर रही है, जिसमें खिलाड़ी पूरी तरह से अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पीकेएल का 10वां सीजन अहमदाबाद से शुरू होगा, जो गुजरात जायंट्स का घरेलू मैदान है और इसमें कोई शक नहीं कि वे धमाकेदार शुरुआत करना चाहेंगे। टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण है और खिलाड़ी 2 दिसंबर से अपना अभियान शुरु करने के लिए उत्सुक हैं।

## भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगे वार्नर सहित कई बड़े खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में हिस्सा नहीं लेंगे, जो 23 नवंबर से शुरू हो रही है। वार्नर, जो अगले साल पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के लिए तैयार हैं, ने विश्व कप में लगभग 50 की औसत से 535 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज को श्रृंखला के लिए पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड, कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श के साथ आराम दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान के अनुसार, चयनकर्ताओं ने फैसला किया है कि वार्नर एक सफल लेकिन चुनौतीपूर्ण विश्व कप अभियान के बाद अब स्वदेश लौटेंगे। इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण करने वाले पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर एरोन हार्डी को टी20 टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा, केन रिचर्डसन को स्पेंसर




जॉनसन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में बुलाया गया है, जो हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। इस श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व मैथ्यू वेड करेंगे।

**ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम इस प्रकार है:** मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरनडॉर्फ, सीन एबॉट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस, केन रिचर्डसन, एडम जाम्पा।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, अल्जारी जोसेफ बने उपकप्तान

**एंटीगुआ।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) की सीनियर पुरुष चयन समिति ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ 3 दिसंबर से शुरू होने वाली आगामी सीजी यूनाइटेड वन-डे इंटरनेशनल (ओडीआई) सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। शाई होप फिर से टीम का नेतृत्व करेंगे,जबकि अल्जारी जोसेफ को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में दो अनकैप्ड खिलाड़ी शेरफेन रदरफोर्ड और सीम बॉलिंग ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड को शामिल किया गया है, जो अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगे। चयन समिति ने अनुभवी विकेटकीपर/बल्लेबाज शेन डाउरिच और सलामी बल्लेबाज केजोर्न ओटले को भी वापस बुलाया है। डाउरिच ने मई, 2019 में अपना एकमात्र वनडे खेला था, जबकि ओटले ने जनवरी 2021 में दो वनडे मैच खेले हैं। मुख्य चयनकर्ता डॉ. डेसमंड हेन्स ने कहा, 'हमने अल्जारी जोसेफ को उप कप्तान



नियुक्त किया क्योंकि उन्होंने हाल ही में सीजी यूनाइटेड सुपर50 कप के दौरान लीवार्ड आइलैंड्स हरिकेंस के लिए परिपक्वता और अच्छे नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया था। हमारा मानना है कि प्रदर्शन और अवसरों के साथ वह वेस्टइंडीज क्रिकेट में भविष्य के कप्तान हो सकते हैं। मैथ्यू फोर्ड एक समर्पित क्रिकेटर हैं जो प्रभावशाली रहे हैं। वह वेस्ट इंडीज अकादमी कार्यक्रम के माध्यम से आने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं जो भविष्य का हिस्सा बन सकते हैं।' हेन्स ने आगे कहा, 'हमें उम्मीद है कि यह एक कड़ी टक्कर वाली श्रृंखला होगी, लेकिन हमें यह भी विश्वास है कि इंग्लिश टीम हमारी घरेलू परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। हमारा ध्यान एक ठोस टीम बनाने पर है। हमारा मुख्य ध्यान आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2027 में सफलता के लिए पुनर्निर्माण करना है।'

## सीनियर हॉकी पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के चौथे दिन कर्नाटक, मणिपुर, बंगाल और आंध्र प्रदेश जीते

**चेन्नई।** चेन्नई में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2023 के चौथे दिन चार रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। हॉकी कर्नाटक, मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल और हॉकी आंध्र प्रदेश ने सोमवार को मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।

**हॉकी कर्नाटक ने बिहार को दी करारी शिकस्त:** दिन की शुरुआत हॉकी कर्नाटक के शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। कर्नाटक ने पूल सी में हॉकी बिहार के खिलाफ 12-1 की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, हॉकी कर्नाटक ने टेबल टॉपर्स के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। मोहम्मद राहील मौसीन ने शुरुआत में ही दो गोल (11फीसदी, 14फीसदी) किए, जिससे बाकी मैच के लिए माहौल तैयार हो गया। कप्तान गौड़ा शेशे (15फीसदी), चेतन मल्लप्पा कारीसिरी (18फीसदी, 42फीसदी), एनजी सोमैया (21फीसदी), हरीश मुटागर (22फीसदी, 28फीसदी) के साथ-साथ आभारन सुदेव बी ने भी 13वें और 55वें मिनट में दो गोल किए। लिखित बीएम (27फीसदी), और भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटी (38फीसदी) ने 1-1 गोल किया।। बिहार की ओर से एकमात्र गोल अभय कुमार ने 54वें मिनट में किया।

**अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा:** मणिपुर हॉकी ने अपना शानदार गोल स्कोरिंग क्रम जारी रखते हुए पूल ई में हॉकी जम्मू एवं कश्मीर को 15-1 से हराकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मैच में मणिपुर हॉकी टीम के कुल 11 खिलाड़ी गोल करने में सफल रहे।

धनंजय मोइरांगथेम मीतेई (3फीसदी, 23फीसदी) ने दो गोल किया। लैशराम दीपू सिंह ने 5वें मिनट में गोल किया, उसके बाद निंगोम्बम जेनजेन सिंह (10फीसदी), क्षेत्रिमायुम वांगम्बा (12फीसदी), गनेंद्रजीत निंगोम्बम (13, 25फीसदी), शुरेनशांगबम सुरेश सिंह (30फीसदी), इबुंगो कोनजेंगबाम सिंह (34फीसदी, 55फीसदी), इनोसेंट मुंडा (35फीसदी), नीलकंठ शर्मा (39फीसदी), कैप्टन सिंह चिंगलेनसाना सिंह (39फीसदी, 54फीसदी) और थोकचोम किरणकुमार (44फीसदी) ने गोल किया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, सूर्यकुमार यादव को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली।** विश्वकप 2023 के फाइनल में मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर नये मुकाबलों के लिए तैयार है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले पांच टी20 मैचों की श्रृंखला 23 नवंबर से होनी है।

इसके लिए आज भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। सूर्यकुमार यादव को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। जबकि टीम का उप कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को बनाया गया है।

23 नवंबर से विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले इस पांच टी-20 मैचों के श्रृंखला के लिए सभी सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। ऐसे में टीम में युवा खिलाड़ियों को जगह मिली है।



वहीं, आखिरी के दो मुकाबलों के लिए श्रेयश अय्यर टीम के साथ जुड़ेंगे और वो उपकप्तानी की भी जिम्मेदारी निभाएंगे।

**ये रही टीम-**

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), ईशान किशन, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**टी20 मैच का शेड्यूल:-**

पहला मैच- 23 नवंबर, गुरुवार, राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापटनम

दूसरा मैच- 26 नवंबर, रविवार, ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम, तिरुवनंतपुरम

तीसरा मैच- 28 नवंबर, मंगलवार, बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी

चौथा मैच- 01 दिसंबर, विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड, नागपुर

पांचवां मैच- 03 दिसंबर, राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, हैदराबाद

## मोदी ने मोहम्मद शमी को लगाया गले, भावुक क्रिकेटर ने लिखा- कल हमारा दिन नहीं था

**अहमदाबाद।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से शिकस्त मिलने के बाद निराशा में डूबे भारतीय खिलाड़ियों का ड्रेसिंग रूम में जाकर हौसला बढ़ाया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को यहां खेले गए फाइनल मैच को देखने के लिए मोदी यहां पहुंचे थे। भारत के 240 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने 137 रन बनाए। विश्व कप में लगातार 10 जीत के बाद फाइनल में हार के बाद भारत के कई खिलाड़ियों की आंखे नम दिखी। भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रधानमंत्री के साथ ड्रेसिंग रूम में बिताये पल को 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया।शमी ने मोदी के साथ तस्वीर साझा कर लिखा कि दुर्भाग्यवश, कल हमारा दिन नहीं था। मैं पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी टीम और मेरा समर्थन करने के लिए सभी भारतीयों को धन्यवाद देना चाहता हूं। विशेष रूप से ड्रेसिंग रूम में आने और हमारा उत्साह बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं। हम वापसी करेंगे। इस तस्वीर में शमी का सिर मोदी के कंधे पर है और प्रधानमंत्री उनका हौसला बढ़ाते दिख रहे हैं।

## लीजेंड्स लीग ः मणिपाल टाईगर्स ने रोचक मुकाबले में गुजरात जायंट्स को दस रनों से हराया, कालिस का अर्धशतक बेकार

**रांची।** जीत की दहलीज पर पहुंचा गुजरात जायंट्स पारी के अंतिम तीन ओवर्स में मणिपाल टाईगर्स का दबाव नहीं झेल सका और मात्र नौ रनों में छह विकेट खोकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लीग मैच में दस रनों से हार गया। सोमवार रात खेले गए मुकाबले में मणिपाल टाईगर्स द्वारा दिये गये 174 के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात जायंट्स 9 विकेट पर 163 रन ही बना पाई।

इससे पूर्व गुजरात के कप्तान पार्थिव पटेल ने टॉस जीतकर विपक्षी टीम को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। सजग शुरुआत के बावजूद भी 24 के स्कोर पर मणिपाल टाईगर्स के सलामी बल्लेबाज चाडविक वाल्टन (17) को रायद एमरिट ने एलबीडब्ल्यू आउट हुये। इसके बाद हेमिल्टन मस्कज्दा ने अपने आक्रमक तेवर दिखाते हुए रन गति तेज की परन्तु सातवें ओवर में रजत भाटिया का शिकार हुए जिससे स्कोर 66/2 हुआ। मस्कज्दा ने 18 गेंदो पर दो छक्के और पांच चौक्कों की मदद से ताबड़तोड 37 रन बनाये। रजत यहीं नहीं थमें और अगले ही ओवर में सैट बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा (23) को चलता किया जिससे स्कोरकार्ड 83/3 पर टिका। सर्बजीत लड्डा ने भी रजत भाटिया का बखूबी साथ दिया




और विपक्ष की गति को काबू में रखा। इसी बीच लड्डा ने 91 के टीम स्कोर पर कोलिन डी ग्रेंडहोम (8) का विकेट चटकाया। रजत ने अपने इसी स्पैल के तीसरे ओवर और पारी के 13वें ओवर में कायल कोटज्ञ (9) को बोल्ड कर आधी टीम को 104 पर पवेलियन भेज दिया।

अपने पहले ही ओवर में महंगे साबित हो रहे जॉनसन ने अमितोस (6) को बोल्ड कर संतोष जाहिर किया। दूसरे छोर पर कहर बरपा रहे थिसारा परेरा (17 गेंदों पर 32 रन) को ईश्वर चौधरी ने आउट कर स्कोर 145/7 किया। ट्रेंट जॉनसन ने हरभजन सिंह (3) को अपना दूसरा शिकार बनाया। नाबाद इमरान खान (16) और प्रवीण कुमार (7) के साथ मणिपाल टाईगर्स ने निर्धारित बीस ओवर्स में 8 विकेट पर 173 रन बनाये। रजत भाटिया (3/31) ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये जबकि ट्रेंट जॉनसन (2/33) ने दो सफलता हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुये क्रिस गेल और जेक कालिस ने तेज शुरुआत के साथ 75 रन जोड़े। सातवें ओवर में गेंदबाज इमरान खान ने स्थिति को नियंत्रण करते गेल का विकेट चटका गुजरात को पहली सफलता प्रदान की। गेल ने 24 गेंदों पर 38 रन बनाये। इसके बाद कप्तान हरभजन ने गेंदबाजी संभाली और अपने पहले स्पैल में लगातार दो ओवर्स में रिचर्ड लेवी (5) और केविन ओ ब्रायन (9) को वापिस भेजा और 99/3 के साथ मैच में रोचकता आई। नये बल्लेबाज कप्तान पार्थिव पटेल और जेक कालिस की 55 रनों की साझेदारी ने टीम को जीत के करीब पहुंचा ही रही थे कि परविंदर अवाना ने एक ही ओवर में चटकाये दो विकेट - जैक कालिस (56) और चिराग खुराना (2), मैच में एक बार फिर से जान फूंक दी। कालिस ने 41 गेंदों की शानदार पारी में आठ चौके जड़े। पारी के 19वें ओवर में थिसारा परेरा द्वारा पटेल (35) और ट्रेंट जॉनसन (0) के आउट होते ही 158/7 के साथ गुजरात पर हार का खतरा मंडराया। अवाना ने पारी के अंतिम ओवर में रायद इमरिट और सर्बजीत लड्डा को बिना खाते खोले आउट कर गुजरात को 163/9 पर रोक दिया। अवाना (4/19) ने सर्वाधिक चार विकेट लिये जबकि थिसारा परेरा (2/6) और हरभजन सिंह (2/12) ने दो दो विकेट लिये।

## ईडी ने एमवे इंडिया के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दायर की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एमवे इंडिया इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हैदराबाद स्थित विशेष धनशोधन रोकथाम




अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में एमवे के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। ईडी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि एमवे इंडिया इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ हैदराबाद स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। एजेंसी के मुताबिक अदालत ने अभियोजन पक्ष की चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। ईडी की ओर से दर्ज किया गया धनशोधन का यह मामला एमवे और उसके निदेशकों के खिलाफ तेलंगाना पुलिस की ओर से दर्ज कई मामलों से संबंधित है। जांच एजेंसी ने बताया कि एमवे इंडिया ने मल्टीलेवल मार्केटिंग (एमएलएम) के जरिए 4,050 करोड़ रुपये की अवैध आय अर्जित की है। इनमें से 2,859 करोड़ रुपये की राशि देश के बाहर स्थित खातों में भेजा दिया गया। यह राशि लाभांश, रॉयल्टी और अन्य खर्चों के नाम पर बाहर भेजा गया है।

## ओपनएआई के 700 कर्मियों की चेतावनी इस्तीफा दे बोर्ड, वरना हम चले माइक्रोसॉफ्ट

**वाशिंगटन।** ओपनएआई में जारी उथल पुथल में नया मोड़ आया, जब कंपनी के 770 में से करीब 700 कर्मचारियों ने इस्तीफे की धमकी दे दी। उन्होंने बोर्ड को कंपनी चलाने के लिए अयोग्य करार दिया। उसे इस्तीफा देने, सैम ऑल्टमैन व ग्रैग ब्रोकमैन को वापस लाने और नया बोर्ड बनाकर दो स्वतंत्र निदेशकों को नेतृत्व देने की मांग की है। ऐसा न करने पर इन सभी कर्मचारियों ने इस्तीफा देकर माइक्रोसॉफ्ट की सोमवार को ही घोषित नई एडवांस एआई लैब में काम पर चले जाने की चेतावनी दी। बताया, माइक्रोसॉफ्ट ने उन सभी को अपने यहां आकर काम करने का ऑफर दे दिया है।

कर्मचारियों के मांग पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शुक्रवार को अंतरिम सीईओ बनाकर रविवार को पद से हटाई गई मीरा मुराती और बोर्ड निदेशक व मुख्य डाटा वैज्ञानिक इलिया सुतस्केवर सहित सीओओ ब्रैड लाइट कैप भी शामिल हैं। बोर्ड निदेशकों के नाम लिखे इस पत्र में कहा गया कि कर्मचारियों ने ही नया तकनीकी मॉडल विकसित किया, एआई की सुरक्षा के वैश्विक मानक बनाने में मदद की।इन्हें रोज दसियों लाख लोग उपयोग कर रहे हैं। कंपनी अब तक की सबसे मजबूत स्थिति में है, लेकिन फिर बोर्ड ने ऑल्टमैन व ब्रोकमैन को जिस तरह हटाया, सब कुछ खतरे में पड़ गया। कंपनी ने अपना मिशन भुला दिया। बोर्ड का आचरण बताता है कि उसमें ओपनएआई की देखरेख की क्षमता नहीं है। कंपनी के अधिकारियों ने स्थिति संभालने का प्रयास किया, बोर्ड की चिंताएं सुनीं, सहयोग दिया, लेकिन उनके कहने पर भी बोर्ड ने आरोपों पर कोई तथ्य नहीं दिए। अधिकारियों को समझ आ गया कि बोर्ड दुर्भावना से वार्ता कर रहा है, अपना कर्तव्य निभाने के लिए योग्य नहीं है।

## चुनाव से पूर्व सरकारी खर्च होगा जीडीपी वृद्धि का मुख्य चालक, बाद में बढ़ेगी निवेश की रफ्तार

**वाशिंगटन।** भारतीय जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर अगले साल 2023 के 6.4 फीसदी से मामूली घटकर 6.3 फीसदी रहेगी। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने रिपोर्ट में कहा, अगला कैलेंडर साल दो हिस्सों का होगा। इसमें आगामी आम चुनाव से पहले सरकारी खर्च वृद्धि का मुख्य चालक होगा, जबकि चुनाव के बाद यह निवेश वृद्धि में फिर से तेजी लाएगा और खासकर निजी क्षेत्र से। ब्रोकरेज फर्म ने कहा, वित्त वर्ष के संदर्भ में 2024-25 में वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 6.2 फीसदी से बढ़कर 6.5 फीसदी रह सकती है। भारत में संरचनात्मक वृद्धि की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। 2024 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.3 फीसदी पर मजबूत रहने की उम्मीद है।

**रिपोर्ट की अन्य बातें...**

महंगाईः खुदरा महंगाई 2024 में 5.1 फीसदी रहेगी। हालांकि, आरबीआई ने इसके 4.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

चालू खाता घाटा : अगले साल देश का चालू खाता घाटा 2023 के 1.3 फीसदी से बढ़कर 1.9 फीसदी पर पहुंच सकता है।

रुपया : 2024 में डॉलर के मुकाबले घरेलू मुद्रा मजबूती के साथ 82 पर पहुंच जाएगी। अभी यह 83 के आसपास है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 83 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब पर पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.17 डॉलर यानी 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ 82.15 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.71 डॉलर यानी 2.25 फीसदी की बढ़त के साथ 77.60 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 140 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 139.58 अंक यानी 0.21 फीसदी टूट कर 65,655.15 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 37.80 अंक यानी 0.19 फीसदी फिसल कर 19,694.00 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में गिरावट और 10 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, विप्रो, एचसीएल टेक,




टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति शामिल हैं।

इसके अलावा एशिया के अन्य प्रमुख बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा है। इसी तरह यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 187 अंकों की गिरावट के साथ 65,794 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी भी 33 अंकों की गिरावट के साथ 19,731 के स्तर पर बंद हुआ था।

## ईपीएफओ ने सितंबर महीने में जोड़े 17.21 लाख सदस्य

**नई दिल्ली।** देश में रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सितंबर महीने में शुद्ध रूप से 17.21 लाख सदस्यों को जोड़ा है। इस दौरान संगठित क्षेत्र में नई नौकरियां बढ़ी हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि ईपीएफओ ने सितंबर में शुद्ध रूप से 17.21 लाख सदस्यों को जोड़े हैं। मंत्रालय के मुताबिक मासिक आधार पर इस साल पिछले महीन के मुकाबले सितंबर में शुद्ध रूप से 21,475 नए सदस्य ईपीएफओ से जुड़े हैं। वहीं, सालाना आधार पर सितंबर, 2022 के मुकाबले इस वर्ष सितंबर में शुद्ध रूप से 38,262 नए सदस्य जुड़े हैं। मंत्रालय ने बताया कि करीब 8.92 लाख नए सदस्य




सितंबर महीने में ईपीएफओ से जुड़े हैं। आंकड़ों के अनुसार इन नए सदस्यों में 58.92 फीसदी लोग 18 से 25 साल की उम्र के हैं। यह बताता है कि जो सदस्य कार्यबल से जुड़े हैं, उसमें बड़ी संख्या में युवा हैं। इनमें से कई ऐसे लोग हैं, जिन्हें पहली बार नौकरी मिली है। नियमित वेतन पर रखे गए (पेरोल) लोगों के जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 11.93 लाख सदस्य बाहर निकले, लेकिन फिर से वे ईपीएफओ से जुड़े हैं। दरअसल उन्होंने अपनी नौकरी बदली है। आंकड़ों के मुताबिक सितंबर में 3.67 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर हुए। यह इससे पिछले महीने के मुकाबले 12.17 फीसदी कम है। ईपीएफओ से बाहर होने वाले सदस्यों की संख्या जून, 2023 से लगातार घट रही है। मंत्रालय ने बताया कि सितंबर के दौरान 8.92 लाख नए सदस्यों में से करीब 2.26 लाख महिला सदस्य हैं, जो पहली बार ईपीएफओ से जुड़ी हैं। इस तरह शुद्ध रूप से करीब 3.30 लाख महिलाएं ईपीएफओ से जुड़ी हैं। 'पेरोल' के राज्यवार आंकड़े के अनुसार सबसे ज्यादा सदस्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और हरियाणा में जोड़े गए हैं।

## सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच बोलीं, नुकसान के बावजूद एफएंडओ में निवेशकों की बढ़ती रुचि समझ से बाहर

**नई दिल्ली।** नुकसान के बावजूद निवेशकों की वायदा एवं विकल्प खंड (एफएंडओ) में बढ़ती रुचि समझ से बाहर है। यह स्थिति तब है, जब एफएंडओ में निवेश करने वाले 90 फीसदी लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि महामारी के दौरान एफएंडओ खंड में निवेशकों की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। व्यक्तिगत कारोबारियों की कुल संख्या 2018-19 के 7.1 लाख की तुलना में 500 फीसदी से अधिक बढ़ गई है।

**11 फीसदी ने ही कमाया लाभ**



सेबी प्रमुख ने एशिया के सबसे पुराने शेयर बाजार बीएसई में निवेशक जोखिम बचाव पहुंच मंच शुरू किए जाने के दौरान पूंजी बाजार नियामक के एक हालिया शोध पत्र का जिक्र किया। इसके मुताबिक, एफएंडओ में 45.24 लाख कारोबारियों में से सिर्फ 11 फीसदी ने लाभ कमाया है।

**500फीसदी से अधिक बढ़ी है 2018-19 की तुलना में व्यक्तिगत कारोबारियों की संख्या**

2011-12 में एफएंडओ में 89 फीसदी लोगों ने पैसा गंवाया। उनका औसत नुकसान 1.1 लाख था। कुछ लोग भाग्यशाली थे, जिनका औसत लाभ 1.5 लाख रुपये था। एफएंडओ में एक तिहाई से अधिक निवेशकों की उम्र 20-30 साल है। 2018-19 में संख्या सिर्फ 11 फीसदी थी।

**लंबी अवधि में महंगाई से अधिक मिलेगा रिटर्न**

बुच ने कहा, उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि बाजार में दीर्घकालिक नजरिये से लंबी अवधि के लिए निवेश करते हैं, शायद ही आप कभी गलत होंगे। निवेशक लंबे समय तक बाजार में टिकता है तो उसका रिटर्न अर्थव्यवस्था में महंगाई की दर से अधिक होगा। निवेशक दीर्घकालिक नजरिया अपनाएं। एफएंडओ में हर दिन अपना पैसा खोने से अच्छा लंबी अवधि का निवेश है, जिसमें अच्छे रिटर्न की बेहतर संभावना है।

## गोल्डमैन सैक्स ने जीडीपी वृद्धि दर 6.2 फीसदी रहने का जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर मामूली गिरावट के साथ 6.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। गोल्डमैन सैक्स ने रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर मामूली गिरावट के साथ 6.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले अमेरिकी फर्म ने जीडीपी वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म ने आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 6.2 फीसदी से बढ़




कर 6.5 फीसदी रहने की संभावना जताई है। अमेरिकी ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि अगला कैलेंडर वर्ष दो हिस्सों का होगा, जिसमें आगामी आम चुनाव से पहले सरकारी खर्च वृद्धि का मुख्य चालक होगा, जबकि चुनाव के बाद यह निवेश वृद्धि में खासकर निजी क्षेत्र से फिर से तेजी लाएगा। गोल्डमैन सैक्स ने संभावना जताई है कि प्रमुख उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सीपीआई आधारित महंगाई दर 2024 में 5.1 फीसदी रहेगी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

## पीएम-ईएसी के अस्थायी सदस्य नीलेश शाह बोले, सोना आयात न करते तो पहले ही बन जाते 5 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी

**नई दिल्ली।** भारतीयों में अगर सोने के आयात की आदत नहीं होती तो भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) लक्ष्य को बहुत पहले ही हासिल कर लेता। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएम-ईएसी) के अस्थायी सदस्य नीलेश शाह ने सोमवार को कहा, हम भारत को 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य को पाने की दिशा में काम कर रहे हैं। लेकिन, हम सिर्फ एक आदत से दूर रहकर बहुत पहले ही 5 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी बन गए होते। हमने शायद सही वित्तीय निवेश नहीं करके भारत की जीडीपी का एक-तिहाई हिस्सा गंवा दिया है।म्यूचुअल फंड उद्योग के दिग्गज शाह ने कहा, अगर वह पैसा सोना खरीदने के बजाय टाटा, अंबानी, बिड़ला, वाडिया और अदाणी जैसे उद्यमियों में निवेश किया गया होता तो कल्पना करें कि हमारी अर्थव्यवस्था का आकार क्या होता? हमारी आर्थिक वृद्धि दर किस स्तर पर होती और हमारी प्रति व्यक्ति जीडीपी क्या रही होती? अभी भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।?

## बंगाल ग्लोबल समिट में शामिल होंगे 25 देशों के प्रतिनिधि

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंगलवार से इसकी शुरुआत हो रही है। राज्य सचिवालय नवान्न के एक अधिकारी ने बताया कि भारत की कई प्रमुख हस्तियों सहित 25 से अधिक देशों के कारोबारी, कॉरपोरेट जगत के दिग्गजों के साथ-साथ राजनीतिक लोगों के बंगाल वैश्विक व्यापार सम्मेलन (बीजीबीएस) के सातवें संस्करण में हिस्सा लेने की उम्मीद है। अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि इसमें हिस्सा लेने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, पोलैंड, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, मलेशिया, बांग्लादेश और फिजी शामिल हैं। भारत की ओर से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, अंबुजा नेवटिया और हीरानंदानी समूह के अधिकारियों के इस सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दो दिन के बीजीबीएस-2023 में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई), कपड़ा,




इंजीनियरिंग, ऊर्जा, परिवहन तथा शहरी बुनियादी ढांचा, रियल एस्टेट, कृषि, पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों पर विचार किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के इस साल के बीजीबीएस में हिस्सा लेने की उम्मीद है। संजीव गोयनका, संजीव पुरी, पूर्णेंदु चटर्जी, हर्षवर्द्धन नेवटिया और सज्जन जिंदल जैसे उद्योगपति भी सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधियों सहित 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के इसमें हिस्सा लेने की उम्मीद है। ब्रिटेन बीजीबीएस के सातवें संस्करण में अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भेजने वाला है। एक अधिसूचना में ब्रिटेन के उप उच्चायोग ने कहा कि व्यवसायों और संस्थानों का 55 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कोलकाता के बीजीबीएस में आएगा। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने कहा कि मैं बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन से ब्रिटिश व्यवसायों को यहां विस्तार करने में मदद मिलेगी और बंगाल की कंपनियां ब्रिटेन में अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराएंगी। उल्लेखनीय है कि बंगाल बिजनेस ग्लोबल समिट के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में दुबई और स्पेन का दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने उद्योग जगत के अलग-अलग प्रतिनिधियों से मुलाकात और बैठकें की थीं।

## भारतमाला परियोजना की लागत दोगुनी, सरकारी बॉन्ड की खरीदारी सात साल के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** ढांचागत विकास पर केंद्रित भारतमाला परियोजना (बीएमपी) की लागत दोगुनी होकर 10.64 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा, यह वृद्धि निर्माण लागत बढ़ने व भूमि अधिग्रहण की कीमत बढ़ने की वजह से हुई है। भारतमाला परियोजना का लक्ष्य 5.35 लाख करोड़ के निवेश पर 34,800 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों का विकास करना है। इक्रा ने कहा, भारतमाला चरण-1 की संशोधित लागत के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी लंबित होने से आवंटन गतिविधि में गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष के सात महीनों में यह 48 फीसदी गिरकर 2,595 किलोमीटर रह गई, जो एक साल पहले 5,007 किलोमीटर थी।

एजेंसी का अनुमान है, चालू वित्त वर्ष में परियोजना आवंटन गतिविधि में सालाना आधार पर 30 फीसदी से अधिक गिरावट आएगी। इक्रा रेटिंग्स के उपाध्यक्ष आशीष मोदाणी ने कहा, पांच वर्षों में सड़क मंत्रालय ने 95 फीसदी आवंटन हाइब्रिड वार्षिकी मोड और इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण माध्यम से किए हैं।

**ईपीएफओ से जुड़े 17.21 लाख सदस्य रोजगार बढ़े**

संगठित क्षेत्र में नए रोजगार बढ़े हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़े यह बता रहे हैं। ईपीएफओ से सितंबर में शुद्ध रूप से 17.21 लाख सदस्य जुड़े।पेरोल आंकड़ों के मुताबिक, ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए?सदस्यों की संख्या करीब 8.92 लाख रही। आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में 11.93 लाख सदस्य बाहर निकले, लेकिन, वे फिर से जुड़ गए। 8.92 लाख नए सदस्यों में करीब 2.26 लाख महिला सदस्य हैं, जो पहली बार ईपीएफओ से जुड़ी हैं।

**सरकारी बॉन्ड की खरीदारी सात साल के उच्च स्तर पर-** निजी बैंकों की सरकारी बॉन्ड खरीदारी सात साल के शीर्ष पर पहुंच गई। इस खरीदारी में कंपनियों के बड़े निवेश भी शामिल हैं।क्लियरिंग कॉर्प ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक,

*भारतमाला परियोजना का लक्ष्य 5.35 लाख करोड़ के निवेश पर 34,800 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों का विकास करना है।*

निजी बैंकों ने 17 नवंबर, 2023 को शुद्ध रूप से 83.43 अरब रुपये की सरकारी बॉन्ड की खरीदारी की।यह 15 नवंबर, 2016 के बाद सरकारी बॉन्ड की सबसे बड़ी एकदिनी खरीदारी है।?आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में कुल 200 अरब रुपये से अधिक के बॉन्ड खरीदे गए। अक्तूबर में 101 करोड़ के बॉन्ड बेचे गएथे।

**कृषि-ग्रामीणकामगारों के लिएबढ़ी महंगाई**

कृषि और ग्रामीण?क्षेत्र के कामगारों के लिए खुदरा महंगाई अक्तूबर में मामूली बढ़कर क्रमशः 7.08 फीसदी एवं 6.92 फीसदी पर पहुंच गई।?कुछ खाद्य उत्पादों के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। सितंबर में कृषि व ग्रामीण कामगारों के लिएमहंगाई 6.70 फीसदी और 6.55फीसदी रही थी।

**घरेलू हवाईयात्रियों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर**

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या एक दिन में यानी 19 नवंबर को 4,56,910 पर पहुंच गई, जो नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को भी हवाई यात्रियों की संख्या 4,56,748 के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई थी।

## असुरक्षित कर्ज पर सख्ती बढ़ाना सही फैसला, मूडीज ने कहा, बहुत प्रतिस्पर्धी हो गया है भारत का ऋण क्षेत्र

**नई दिल्ली।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असुरक्षित कर्ज तेजी से बढ़े हैं। इससे वित्त संस्थानों को अचानक आर्थिक या ब्याज दर के झटके की स्थिति में कर्ज लागत में संभावित वृद्धि करनी पड़ती है। ऐसे में व्यक्तिगत कर्ज के लिए नियमों को सख्त करना आरबीआई का सही निर्णय है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह बैंकों व गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए जोखिम भार को 25 फीसदी बढ़ा दिया है। मूडीज ने कहा, उच्च जोखिम भारित संपत्तियों के जरिये नियम सख्त करना सही कदम है क्योंकि ऋणदाताओं की नुकसान से निपटने की स्थिति बेहतर करने के लिए उच्च पूंजी आवंटन की जरूरत होगी।

एजेंसी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारत का असुरक्षित ऋण सेगमेंट बहुत प्रतिस्पर्धी हो गया है। बैंक, एनबीएफसी और फिनटेक कंपनियां आक्रामक रूप से कर्ज बांट रही हैं। पिछले दो वर्षों में व्यक्तिगत ऋण में 24 फीसदी व क्रेडिट कार्ड कर्ज में औसतन 28 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस दौरान बैंकिंग क्षेत्र की समग्र कर्ज वृद्धि करीब 15 फीसदी है।

# हामिदपूर से आ कर महिशबथान मवेशी हटिया में अवैध वसूली करते हैं नौशाद शेख







**दुमका झारखंड**

दुमका जिले के रानीश्वर थाना क्षेत्र के कुमीरदहा पंचायत के महिशबथान मै बूधवार को सप्ताहिक मवैसी हटिया लगता है। यहां मवैसी हटिया में अवेध वसूली को लेकर महीशबथान के ग्रामीणों ने लिखा अंचल अधिकारी को पत्र। महिशबथान के ग्रामीण ने पत्र में लिखा है कि महिशबथान का दाग संख्या 1568 जमाबंदी संख्या 110 जो गेंजर खतियान मैं खास जमीन कहके दर्ज हैं। तथा जिसका क्षेत्रफल लगभग 20बीघा हैं वह खाली पड़ा दुमका सिउड़ी मुख्य मार्ग पर अवस्थित हैं। ऊस दाग पर नौशाद शेख पिता स्वर्ग सज्जाद शेख, ग्राम हामिदपूर द्धारा अवेध रूप से हटिया लगाकर लोगों से रुपया वसूली किया जाता है। पत्र में यह भी लिखा है उसका बेटा भी साथ रहता हैं। साल के बारह महीने सप्ताह में बुधवार के दिन विभिन्न प्रकार के मेवशी एव पशु पक्षियों का क्रय विक्रय होता है। ग्रामीणों ने लिखा है कि अवैध वसूली का हम सभी ग्रामीण लोग विरोध करते हैं तो वह कहता है कि तुमलोगो को जो करना है करो परंतु हम हटिया लगाएंगै ओर पैसा वसुली भी करेंगे ज्यादा विरोध करने पर बहार से असमाजिक तत्वों को लाकर डराया तथा धमकाया जाता है। पत्र में यह लिखा है कि नौशाद शेख पूर्व में रानीश्वर अंचल के उप प्रमुख भी रह चुके हैं तथा दबंग व्यक्ति हैं। पिछ्ले 3 से 4 महीना पहले भी ग्रामीणों द्धारा जिले के उपायुक्त को पत्र लिखकर कई बार सोपा गया था। जिसके एवज में वरीय पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने मिलकर हटिया परिसर में जिसमें जिंदा पेड़ कटाई तथा अवैध हटिया संचालन का जांच भी किया था। जांच के कुछ दिन हटिया परिसर में मवेशी खरीद बिक्री के लिए निशुल्क क्रय विक्रय बोर्ड लगाया गया था पर चोरी छुपे दूसरे ढंग तथा दूसरे जगह पर हजारों का वसूली किया जाता था। अभी खुली आम वशुली होती हैं। अवैध वसूली को रोका जाय तथा जांच कराकर उचित करवाई यथा त्रिस्तरीय पंचायती राज नियम के तहत हटिया संचालन को पूर्ण रूपेण व्यवस्था करने की मांग की पत्र में सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्तक्षर एव टिप निशान किया है। रानीश्वर अंचल अधिकारी को पूछने पर बताया कि जांच के लिए दो सदस्य के टीम का गठन किया है, जांच अभी अप्रप्त हैं।

# श्री राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल ने लहराया परचम

श्री राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 9 की छात्र नवलेश ने सीबीएसई जोनल 4 स्केटिंग चैंपियनशिप पटना सेन्ट्रल स्कूल (बिहार)मे 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक आयोजित की गयी जिसमे उत्तर प्रदेश ,झारखंड ,बिहार के राज्यों से 250 सी बी एस ई स्कूलों ने इस स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया ।जिसमे टाइम ट्रायल , 500 मीटर रेस एवं 1000 मीटर रेस का खेल होता है। श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल अलीगढ की टीम ने भी प्रतिभाग किया और उसी प्रतियोगिता मैं स्कूल की छात्रा नवलेश ने 1000 मीटर इनलाइन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल के साथ-साथ अलीगढ़ जिले को भी गौरवान्वित कियाद्य अब



नवलेश 23 नवंबर से 26 नवंबर 2023 तक गुरुग्राम में होने बाली राष्टस्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगी। श्री राजेन्द्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल में खेलो पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे सभी प्रकार की प्रतियोगिता में खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है और अपने जिले का नाम गौरविन्त कर रहे है। इस बड़ी सफलता के लिए स्कूल के निदेश श्री अक्षत सिंह जी ने नवलेश की कोच शिवानी वार्ष्णेय को बहुत-बहुत बधाई दी स्कूल के प्रधानाचार्य आई पी दुवे ने बताया कि नवलेश होने जा रही गुरुग्राम में सीबीएसई राष्टीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रही है स्कूल एवं अपने जिले का नाम रोशन करेगी ऐसा मेरा विश्वास है साथ ही फिजिकल एजुकेशन के हेड शेफाली कपूर ने भी खिलाड़ी की उज्वल भविष्य की कामना की और साथ ही अच्छे खेल का माहौल स्कूल की ओर से जिले में किया जा रहा है जल्द ही खेलों का आयोजन भी किया जाएगा।

# मतदाता सूची में यदि नहीं है नाम तोअवश्य जुड़वायें–शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने बताया कि माननीय जिलाधिकारी श्री इंद्र विक्रम सिंह जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन से जिला अलीगढ़ में बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाएगा जिससे कि आम नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान हो सके।इस समय जो जहां के निवासी है उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाएगा, और पूर्व में जहां नाम था वहां से हट जाएगा। इस प्रकार मतदाता सूची भी शुद्ध हो जाएगी।थिंक मानवाधिकार संगठन एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर आपत्तियां प्राप्त करके निराकरण भी करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने जन



सामान्य की सुविधा के लिए 4,5,25,26 नवंबर 2023 एवं दो एवं 3 दिसंबर का निर्धारण किया है। बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर समाधान करेंगे।मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक डॉ राजेंद्र कुमार जैन, आलोक मित्तल एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, डॉ एच के शर्मा, शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ अंजू लता जी, शालू सिंह एडवोकेट, विमला चौधरी आदि ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इंद्र विक्रम सिंह जी ने कलेक्ट्रेट में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि दो माह के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने जन जन से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची में यदि नाम नहीं है तो अवश्य जुड़वा ले।लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। किसी लालच या नशा आदि के प्रभाव तहत वोट ना डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुनें।मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। हर वोटर अपने संविधान अधिकार को समझें।

**शिवानी जैन एडवोकेट**
**डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ**

# सहजयोग ध्यान पद्धति आत्म-प्रकाशन की एक मौन साधना है।

आज वो दौर है जब संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक ध्यान योग को स्वीकारा जा रहा है।विदेशों में भी इस शोध पर मुहर लगा दी गई है कि परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा विकसित ध्यान योग विधा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिहाज़ से बेहद फायदेमंद है इसीलिए परम पूज्य श्री माताजी ने कहा है मनुष्य को स्वंय पर दया करनी है और अपनी आत्मा को प्रकाशित करने का संकल्प लेना है7 मनुष्य को यह स्वीकारना भर है कि वह शरीर से परे आत्मा है। श्री माँ निर्मला देवी की प्रतिमा के समक्ष बैठकर बड़ी सहजता से पूछा जाना है कि हे मां क्या मैं आत्मा हूँड़ या, हे मां क्या मैं स्वयं का गुरु हूँड़.. प्रतिउत्तर में सहजता से प्रवाहित होने वाली चैतन्य लहरियां प्रश्न का समाधान देती हलेकिन इस प्रकार के आत्मिक संवाद माँ के साथ प्रस्थापित करने के पूर्व



मनुष्य को आत्म साक्षात्कार प्राप्त करना होता है जो बेहद आसान हैआत्म साक्षात्कार लेने के पूर्व या लेते समय गुरु माँ होती है, लेकिन आत्म साक्षात्कार लेने के बाद साधक स्वयं का गुरु हो जाता है7 आत्म साक्षात्कार लेने के बाद मनुष्य स्वयं को पहचानने लगता हैअंतर स्थित स्वयं के गुरु होने का भाव व स्वयं के आत्मा होने का ज्ञान हर ज्ञान से सर्वोपरि है। सहजयोग ध्यान पद्धति एक ऐसी मौन साधना है, जिसमें स्थित होते ही विचार का प्रवाह थमने लगता है.. तत्काल नहीं...धीरे धीरेध्यान योग की इस विधि से मनुष्य में आत्मिक अनुशासन आता हैअनावश्यक चिंतायें व सोच बेहद सरल तरीके से पंच तत्व में विलिन होने लगती है और साधक विचार शून्यता के चरण में प्रवेश कर जाता है यानि विचार ठहर जाते हैंपरंतु ध्यानमग्न साधक तब भी सचेत व जागरूक रहता हैअपने अंदर हो रहे बदलाव और सुख शांति को अनुभव करता है यह स्थिति ही मनुष्य की शारीरिक व मानसिक सेहत बढ़ाती है एक उत्साहवर्धक जीवन शैली व स्वयं की आत्मा को पहचान ईश्वरीय अनुकंपा के अधिकारी बनना स्वयं के लिए रोमांचक है तो हम सभी मिल आत्म साक्षात्कार प्राप्त करते हैं, जो पूर्णतया व सदैव निशुल्क हैअपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं

# बाल विवाह होने पर दो साल की सजा और एक लाख रुपए का होगा जुर्माना



**रीवा** ।बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी रूप से अपराध है। विवाह के लिए कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस निर्धारित आयु से कम आयु के कन्या तथा वर का विवाह कानूनन अपराध है। इस तरह का बाल विवाह करने वाले और उसे संपन्न कराने वाले को दो वर्ष तक की सजा तथा एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि सभी माता-पिता अपने बेटे और बेटी का विवाह उचित आयु में करें। कम आयु में बेटी शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह के योग्य नहीं होती है। बाल विवाह गंभीर सामाजिक कुरीति है। इसे रोकने के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। इसके तहत बाल विवाह से पीड़ितों को सुरक्षा और राहत प्रदान करने के साथ-साथ बाल विवाह को प्रोत्साहित करने एवं उसे संपन्न कराने वालों पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें दो वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि समाज में अब बाल विवाह की घटनाएं लगभग न के बराबर होती हैं। लेकिन यदि प्रबोधनी एकादशी अथवा अन्य वैवाहिक अवसरों में कहीं पर भी बाल विवाह संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है तो आमजन तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा पुलिस थाने को इसकी सूचना दें। विवाह संपन्न कराने वाले धर्मगुरू तथा विवाह से संबंधित व्यवस्थाओं जैसे बारातघर, हलवाई, विवाह घर संचालक, बैण्डबाजे वाले आदि बाल विवाह होने पर तत्काल सूचना दें।

# बुढ़ाना कस्बे में धूमधाम से मनाया बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन

जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर बड़े ही धूमधाम से बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन मनाया। वही खाटू श्याम के जन्मदिन पर जागरण का आयोजन किया गया। वही जागरण में कलाकारों ने सुंदरङ्ग सुंदर भजन सुनाए। साथ ही बहुत सुंदर-सुंदर झांकियां का आयोजन किया गया, जो की सभी भक्तों का आकर्षण का केंद्र बनी। वही कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन 23 नवंबर को मनाया जाता है। वही पूर्व में संध्या के समय के बाबा खाटू श्याम की पूजा की जाती है। इस दौरान सुभाष राघव, रामनरेश राठी, पुनीत पंवार, आवेश कुमार, आकाश पंवार, ठाकुर धर्मवीर सिंह, वाशु त्यागी, साहिल, मनीष तायल, वंश राघव, वर्णिका व खाटू श्याम परिवार कमेटी के सदस्य और काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित

# दिमनी के चुनाव में भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या।

**पत्रकार साथियो,** 17 नवंबर को दिमनी विधानसभा में मतदान के दौरान भाजपा ने सुनियोजित ढंग से लोकतंत्र की हत्या की है। भाजपा ने अपराधियों का सहारा लेकर कमजोर व दलित तबके के मतदाताओं को बड़ी संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने से रोक दिया । सांगौली से लेकर कटैलापुरा में दलित मतदाताओं को अपराधियों ने घर से नहीं निकलने दिया। इस पूरे एपीसोड को प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मूक होकर देखते रहे लेकिन प्रेक्षक तक ने कार्रवाई का साहस नहीं जुटाया। दोपहर 12 बजे के बाद तो भाजपा के लोगों ने पोलिंगों को डंप करके खुद वोड़टिंग की जो लोकतंत्र की हत्या का परिचायक है। ऐसा करके भाजपा ने अपना इकतरफा वोट डलवाया है।

**97 पोलिंगों को अतिसंवेदनशील घोषित करने के लिए कहा** -कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर हमने रिटर्निंग आफिसर से लेकर पुलिस के आला अफसरों से 13 नवंबर को लिखित शिकायत की और कहा कि दिमनी की 97 पोलिंगों को अतिसंवेदनशील घोषित कर वहां बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स तैनात किया जाए। जिससे भाजपा द्वारा लगाए अपराधी बेनकाव हो सकें और गरीब व कमजोर वर्ग के लोग मतदान करने घर से मतदान केंद्र तक पहुंच सकें। लेकिन प्रशासन व पुलिस ने उनकी लिखित शिकायत पर मतदान होने के एक दिन पहले तक कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजतन 262 में से 100 पोलिंग को अपने कब्जे में लेकर भाजपा के लोगों ने फर्जी मतदान कराया। 16 नवंबर को भी कलेक्टर व एसपी से दिमनी के 97 मतदान केंद्रों पर फोर्स बढ़ाकर लगाने की मांग की लेकिन उसे किसी ने सुना नहीं। दिमनी विधानसभा क्षेत्र के 9 मोस्ट वांटेड अपराधियों को चुनाव प्रभावित इलाके से बाहर करने/गिरफ्तार करने के लिए लिखित शिकायत की लेकिन कलेक्टर ने पुलिस के प्रस्ताव पर उन अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी नहीं किए क्योंकि प्रशासन व पुलिस भाजपा के दबाव में काम कर रहे थे। इस मामले में दिमनी



क्षेत्र के थाना प्रभारी बार बार यह कहते रहे कि उन्होंने अपने स्तर से अपराधियों के जिला बदर के प्रस्ताव एसपी कार्यालय भेज ड़दिए हैं।

कलेक्टर, एसपी व थाना प्रभारियों को बदलने की मांग की निर्वाचन आयोग से ~ 17 नवंबर के मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से लिखित शिकायक की कि मुरैना के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी अंबाह समेत माताबसैया, सिहौनियां, दिमनी व अंबाह के थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से बदला जाए ड़क्योंकि ये भाजपा को जिताने की मानसिकता से काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने उक्त अफसरों की पोस्टिंग खुद चुनाव जीतने के उददेश्य से मन पसंद स्थानों पर कराई है। वेयर हाउस कॉरपोरेशन के कर्मचारी होशियार सिंह तोमर को भी हटाने के लिए चुनाव आयोग से शिकायत की लेकिन उनको भी नहीं हटाया और उन्होंने भाजपा के काम किया।

**हवाला के वायरल वीड़डियो भाजपा नेताओं के चरित्र को उजागर कर रहे हैं** -चुनाव के दौरान व मतदान के बाद तक कनाड़ा से लेकर पंजाब से वायरल किए गए वीडियो में 500 करोड़ के हवाला का खुलासा है। वीडियो जारी करने वाला कारोबारी जगमोहन स्वीकार कर रहा है कि उसने वीड़डियो वायरल किए हैं। वायरल वीडियो भाजपा नेताओं के चरित्र को उजागर कर रहे हैं लेकिन ईडी से लेकर सीबीआई जैसी एजेंसियां वायरल वीड़डियो की जांच स्वत~ संज्ञान लेकर नहीं कर रही हैं। यह भाजपा के फासीवाद का परिचायक है। इसे लोगों को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भलीभांति समझने की जरूरत है।

**चुनाव आयोग से शिकायत के परिणाम नहीं आए तो हाईकोर्ट जाएंगे** -दिमनी विधानसभा चुनाव की धांधलियों की शिकायत कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की है। यदि चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की तो सारी गड़बड़ियों की जांच की गुहार को लेकर कांग्रेस हाईकोर्ट में दस्तक देगी।

**शुभेच्छु :रविंद्र सिंह तोमर भिड़ौसा,**
**कांग्रेस विधायक दिमनी**

# ग्वालियर लोकायुक्त ने रिश्वत लेते दबोचा तो हार्ट अटैक आने का बहाना करने लगा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री को रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा है. मंगलवार देर शाम को लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने यह कार्रवाई की. लोकायुक्त ने फरियादी की शिकायत पर कार्यपालन यंत्री ई एंड एम को रंगे हाथ पकड़ा है. इसके बाद लोकायुक्त पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है. बताया गया है कि बिल पास करने के लिए लिए 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने मांगी थी.15 हजार रिश्वत लेते पकड़ा ्दरअसल, फरियादी महेंद्र सिंह बैस पुत्र अतर सिंह



बैस निवासी ठाकुर मोहल्ला गौस पूरा ग्वालियर की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा ग्वालियर के व्यापार मेला परिषद विद्युत केंद्र के पास पीके गुप्ता कार्यपालन यंत्री ई एंड एम को रिश्वत राशि 15 हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया है. महेन्द्र बैस द्वारा कलेक्टर भिंड के बंगले पर लाइट फिटिंग का कार्य माह नवंबर में किया गया था. जिसके तीन लाख रुपये के बिल पास करने के एवज में आरोपी द्वारा 75 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई.बीमार होने का बहाना ्फरियादी 50 हजार रुपये इंजीनियर को पहले ही भुगतान कर चुका था. मंगलवार देर शाम 15 हजार रुपये जैसे ही फरियादी ने कार्यपालन यंत्री को दिए तो लोकायुक्त ने उसे ट्रेस कर लिया. लोकायुक्त की टीम ने जैसे उसे गिरफ्तार किया तो वह हाई बीपी और हार्ट अटैक आने का बहाना करने लगा. इसके बाद टीम ने एंबुलेंस और डॉक्टर को मौके पर बुलाया और उसका चेकअप कराया. लोकायुक्त की टीम की कार्रवाई के साथ ही एम्बुलेंस और डॉक्टरों की टीम मौके पर खड़ी रही. कार्रवाई के दौरान डॉक्टर भी आरोपी अधिकारी का लगातार चेकअप करते रहे.

# संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में हुई शिक्षविदों की बैठक




**ग्वालियर।** शहर के वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण, शहर की सड़को को कचरा मुक्त करना, यूनेस्को द्वारा सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित होने का लाभ उठाकर ग्वालियर में पर्यटन को बढावा और नई पीढी को हिंसात्मक प्रवृति और लड़ाई-झगडे से दूर रखने जैसे रचनात्मक विषयों पर संभागीय आयुक्त दीपक सिंह की अध्याक्षता में आयोजित हुई शिक्षाविदों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में गहन विचार मंथन किया गया। साथ ही इन रचनात्मक विषयों को साझा प्रयासों से प्रभावी ढंग से धरातल पर लाने के लिए रणनीति भी बनाई गई।

संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि एयर पोल्यूशन ग्वालियर शहर के लिए विशेष चिंता की बात है। इससे निपटने के लिए नई पीढी की भी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बैठक में मौजूद विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपतियों एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा से कहा कि वायु प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ भारत मिशन पर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराएँ। इस काम मे जिला प्रशासन से पूरा सहयोग दिलाया जाएगा। संभाग आयुक्त ने कहा कि शहर में जन जागरूकता अभियान के जरिए ऐसा वातावरण बनाएँ, जिससे लोग सड़क के किनारे व सड़क पर कचरा न फेंके। संभाग आयुक्त ने कृषि विश्व विद्यालय के तकनीकी सहयोग लेकर शहर की सड़कों को डस्ट फ्री बनाने पर भी बल दिया। साथ ही कहा शहर में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करने के लिए हर वार्ड में अलग-अलग स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपे। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय और विश्व विद्यालय के सहयोग से प्रदूषण नियंत्रण के लिए वृहद कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी बैठक में दिए। यूनेस्को द्वारा ग्वालियर शहर को म्यूजिक सिटी घोषित किए जाने का फायदा उठाकर ग्वालियर शहर को पर्यटन के मानचित्र पर उभारने के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही है। संभाग आयुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में शासकीय व निजी संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व गतिविधियों को एक कैलेंडर में एकीकृत किया जाएगा। साथ ही स्कूल-कॉलेज में शास्त्रीय संगीत को बढावा देने के लिए विशेष प्रयास होंगे। इसके लिए धन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। ग्वालियर- चंबल अंचल की बेहतर छवि बनाने की कडी में ग्वालियर जिले के युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा भरने के प्रयास स्कूल व कॉलेज स्तर से होंगे। जिससे युवा हिंसा और लड़ाई-झगडे से दूर रहकर अपनी क्षमता का इस्तेमाल स्वयं के और देश के विकास में कर सकें। इस दिशा में योग, आर्ट ऑफ लिविंग और अन्य गतिविधियों से बच्चों व युवाओं को जोडा जाएगा।

संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में जीवाजी विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. कुमार रत्नम, मेडीकल कॉलेज के डीम डॉ अक्षय निगम, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण दीपक पाण्डेय, अपर आयुक्त नगर निगम विजयराज, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आरआर सिंह सेंगर तथा निजी विश्व विद्यालयों के अधिकारियों समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# वीरांगना झलकारी बाई को कांग्रेसजनों ने दी पुष्पांजलि

**ग्वालियर।** वीरांगना झलकारी बाई की 192वीं जयंती के अवसर पर थाटीपुर आकाशवाणी रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यर्पण कर पुष्पांजली अर्पित की गई।पुष्पांजली अर्पित करने वालों में महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, 15 ग्वालियर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुनील शर्मा, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, अमर सिंह माहौर, वीर सिंह तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, ओमप्रकाश दुबे, कुलदीप मगरैया, संजीव दीक्षित, पुरूषोत्तम बनोरिया, शोभाराम माहौर सहित अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

# कृषि विश्वविद्यालय में फसल उत्पादन एवं प्रबंधन पर व्याख्यान हुआ



**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में राज विजय लेक्चर सीरीज के अंतर्गत फसल उत्पादन एवं मृदा स्वास्थ्य में दीर्घकालिक नाइट्रोजन उर्वरक के प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली के पूर्व नेशनल फेलो प्रोफेसर तथा वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (इनसा) के वैज्ञानिक डॉ. विजय सिंह द्वारा दिया गया। नाहेप परियोजना अंतर्गत आयोजित व्याख्यान में डॉ. सिंह ने बताया कि फसल उत्पादन हेतु हमारे पास मिट्टी की सीमित आपूर्ति है। हमारी पृथ्वी पर कुल 13 अरब हैक्टेयर भूमि में से 27 प्रतिशत चरगाह, 32 प्रतिशत वन तथा 11 प्रतिशत भूमि ही फसल उत्पादन हेतु योग्य है। उन्होंने कहा कि हमें मृदा संरक्षण के साथ उसमें मौजूद पोषक तत्वों को बनाये रखने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। देश में फसल उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है परंतु उर्वरकों के अधिकाधिक एवं असंतुलित प्रयोग से मृदा में पोषक तत्वों की कमी होती जा रही है। भारत में 2015 में प्रयोग की जाने वाली नाइट्रोजन उर्वरक की मात्रा 16.30 प्रतिशत ब?कर 2020 में 18 प्रतिशत हो गयी। अतः हमें देश के किसानों को यह बताना होगा कि वह उत्पादन के अधिक लालच में उर्वरकों का इतना अधिक प्रयोग न करें जिससे मृदा की उर्वरता नष्ट हो जायें। समन्वित उर्वरक प्रबंधन से अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही मृदा को उपजाऊ बनाये रखा जा सकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला द्वारा की गयी। डॉ. शुक्ला ने कहा कि आज का यह व्याख्यान जिसमें फसलों में वृद्धि व विकास के लिए नाइट्रोजन उर्वरक महत्वपूर्ण है, परंतु हमें इसका फसलों पर आवश्यकता के अनुरूप ही प्रयोग करना चाहिए।कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, निदेशक विस्तार सेवायें व परियोजना समन्वयक डॉ. वाय. पी. सिंह, कुलसचिव अनिल सक्सेना, कार्यपालन यंत्री डॉ. एच.एस. भदौरिया, सह-परियोजना समन्वयक डॉ. अखिलेश सिंह, विश्वविद्यालय के कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# भगत के बस में है भगवान : संत समर तीर्थ जी महाराज

**ग्वालियर** परमार्थ आश्रम पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में परम पूज्य संत श्री समर तीर्थ महाराज ने भक्त प्रहलाद एवं ध्रुव का चरित्र का चरित्र मैं बताया की भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है भक्त ध्रुव ने 5 वर्ष की अवस्था से भक्ति प्रारंभ की थी जब भक्ति की सच्ची लगन होती है तो भगवान उसे दर्शन देने के लिए जरूर आते हैं भगवान ने छोटे से धृव को 5 वर्ष की अवस्था में ही दर्शन दिए भक्त प्रहलाद पर कई प्रकार के संकट आए पहाड़ों से गिराया नदियों में डुबाया सांपों का विष दिया गया फिर भी भक्त भगवान की भक्ति में लग रहा तो एक दिन भगवान स्वयं नरसिंह के रूप में अवतरित हुए और भक्त की रक्षा की व्यक्ति को जीवन की समस्याओं से घबराना नहीं चाहिए और संसार के कार्य करते हुए भगवान का भजन भक्ति करना चाहिए तो उसे एक दिन भगवान जरूर दर्शन देते हैं आज अक्षय नवमी तिथि के अवसर पर महाराज जी ने आंवल का महत्व



बताया आंवला की पूजन से भगवान विष्णु की कृपा होती है आंमले के सेवन से समस्त प्रकार के रोगों का नाश हो जाता है कथा के विश्राम में मदन सोनी ,भरोसी लाल झा , श्रीमती रमाबाई पाल ,सुनील अग्रवाल, अलकेंद्र शर्मा देवेंद्र सिंह बघेल, अमर सिंह दोहरे,एवं मनीष तिवारी के साथ समस्त भक्त जनों ने भागवतभगवान की आरती उसके बाद मनीष कृष्ण शास्त्री जी ने बताया कि कल 22 नवंबर को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें मक्खन मिश्री का भोग लगाया जाएगा

## अवैध संबंधों का विरोध किया तो पत्नी को गला घोंटकर मार दिया, आरोपित पति गिरफ्तार

**ग्वालियर।** हजीरा थाना अंतर्गत एक युवक ने अवैध संबंध का विरोध कर रही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। जब महिला को बचाने के लिए उसका भाई और बहन पहुंचे तो उन्हें धक्का देकर भाग निकला। लेकिन हजीरा पुलिस ने देर रात को उसे मालनपुर से गिरफ्तार कर लिया और सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।ग्वालियर में चौड़े के हनुमान क्षेत्र में रहने वाले जितेन्द्र भदौरिया ने अपनी पत्नी पूनम की गला घोंटकर हत्या कर दी। बताया गया है कि जितेन्द्र के एक महिला से अवैध संबंध थे। जिसके चलते जितेन्द्र उसका खर्च उठाने लगा था इस कारण से घर में आर्थिक तंगी आ गई और इसका भेद एक दिन खुल गया।





## ग्वालियर से भाग कर बाबा महाकाल के सामने करना था विवाह, रास्ते में पकड़े गए

ग्वालियर। झांसी रोड थाना पुलिस ने लड़की और उसके प्रेमी रोहित व उसके साथी राघवेन्द्र पाल को गुना में बस स्टैंड से पकड़ लिया। यह लोग उज्जैन जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। उज्जैन में बाबा महाकाल के सामने विवाह रचाने की इनकी योजना थी। पुलिस ने तीनों को पकड़कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। आरोपित रोहित कुशवाह और राघवेन्द्र पाल को रिमांड पर लिया है, जबकि लड़की को स्वजन के सुपुर्द कर दिया।गौरतलब है कि बीते रोज झांसी रोड थाना अंतर्गत पेट्रोल पंप से 19 वर्षीय लड़की का दो युवक बाइक पर बैठाकर अपहरण कर ले गए थे। इसकी रिकार्डिंग पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरा में हो गई थी। इसको लेकर बवाल मच गया और पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी, जो देर रात को गुना से पकड़ लिए गए।

**पहले से थी भागने की योजना**–भिंड के बरहा गांव की रहने वाली लड़की और रोहित ने भागने की पहले ही योजना बनाकर रखी थी। इसलिए गांव से एक साथ एक ही बस से ग्वालियर आए, लेकिन इसकी भनक लड़की के माता पिता को नहीं थी। लड़की ग्वालियर में अपने चाचा के घर की ओपनिंग में शामिल होने के लिए माता-पिता व छोटे भाई के साथ ग्वालियर आई थी। उसी बस में उसी गांव का रहने वाला रोहित कुशवाह भी ग्वालियर आया, जबकि रोहित का दोस्त राघवेन्द्र पाल बाइक से बस के साथ साथ आया।बस जैसे ही नाका चंद्रवदनी स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची तो लड़की छोटे भाई को टायलेट कराने के लिए उतरी, तभी उसके पास रोहित पहुंचा और भागने के लिए कहा।

# सत्संग और गुरूकृपा आध्यात्मिक उन्नति का आधार : मां कनकेश्वरी



**ग्वालियर।** सत्संग और गुरूकृपा ही आध्यात्मिक उन्नति का आधार है। पवित्रता बनाए रखकर यदि जीवन में गुरूकृपा से पुरूषार्थ करेंगे तो जीवन में सफलता निश्चित है। यह विचार अग्नि अखाडे की महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी ने श्रीमद्देवी कथा के छंठवे दिन महलगांव स्थित करौलीमाता एवं कुंवर महाराज प्रागंण में व्यक्त कि ए। इस मौके पर रतनगढ़ माता के महंत राजेंद्र कटारे महामंडलेश्वर कपिल मुनि महाराज, महंत शंभूदयाल शर्मा, महंत दिलीप शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू, अशोक जादौन गिर्राज शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। गुरूवार को महिषासुर मर्दिनी की कथा होगी।

उन्होंने कहा कि जब हम गुरू के दिए हुए कुछ निश्चत मंत्रों से समुरिन करते हैं जो उसे साधना क हते हैं, लेकिन साधना का अर्थ यह नहीं कि हमें सिद्धि प्राप्त हो जाएंगी। साधना हमारे अधोगति नहीं होने देती है। उन्होंने कहा कि धर्म से जु? लोग गृहस्थों से ज्यादा पाखंडी होते हैं, ऐसे पाखंडियों से बचकर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक तपस्वी में प्रथ्वी के समस्त राजा इकट्ठे हो जाएं, एक तपस्वी की साधना के बराबर उनमें बल नहीं हो सकता है,लेकिन फिर भी हमें पद का यथोचित सम्मान करना चाहिए। गौमाता की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि गौमाता जहां रहती है,वहीं दरिद्रता नहीं रहती है। गाय की घी दूध और दही से ही पंचामृत और भगवान का भोग लगता है। गाय प्रकृति की प्रसन्नता का आधार है, ये पशु नहीं स्वयं देवी जगदम्बा का रूप है। जिस स्वरूप को हम अपनी आस्था का आधार मानते हैं, उसका कोई मूल्य नहीं होता है।

**देवी की कृपा पर संदेह मत करो**–उन्होंने कहा कि हम जब बार बार यह कहते हैं कि प्रभु कृपा करो, इसका आशय हम उसकी कृपा पर संदेह कर रहे हैं।। आपकी कुलदेवी आप पर सदा कृपा करती है, इसलिए उसकी कृपा पर कभी संदेह मत करो। शस्त्र आपको कुछ हद तक बचा सकता है लेकिन जहां शास्त्रों की क्षमता समाप्त हो जाती है,वहां साधना काम आती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि देवी का स्वरूप मानकर जनता की सेवा करें। सिर्फ नवरात्रि में मां के स्वरूप की आराधना करें। यदि नौ दिन व्रत न रख सकें तो सप्तमी, अष्टमी और नवमी को देवी का व्रत जरूर करें। उन्होंने बताया कि गृह तो मौसम की तरह सुख देते हैं, गृहों का संतुलन रखें लेकिन देवी की उपासना करते रहें, क्योंकि जो सुख देवी देती हैं वो गृह



नहीं दे सकते हैं। देवी की उपासना के लिए जल संपूर्ण सामग्री है।

**एक लोटा जल में प्रकट हो जाती हैं देवी**–एक लोटा जल भरकर देवी का आह्वान करें देवी उसमें प्रकट हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह त्योहारों पर हम अपने लिए खरीददारी करते हैं वैसे ही अपने आराध्य के श्रृंगार के लिए वस्तुएं खरीदें। देवी प्रसन्न होकर जब हमारी बुद्धि में विद्यमान हो जाएंगी,तो हमारे निर्णय के परिणाम सही आने लगेंगे। उन्होंने बताया कि अवतारों की शक्ति का आधार देवीशक्ति है। नारददी ने श्रीराम को दस महाविद्याओं मे से एक तारामाईकी आराधना बताई। इस तरह जब हम श्रीताराम भजते हैं तो राम प्रसन्न होते हैं, क्योंकि उनके साथ उनकी आराध्य देवी तारा की भी उपासना हो जाती है।

**देवीकृपा से महीनों अन्नजल से बगैर रहीं सीता**–उन्होंने बताया कि राम द्वारा की गई देवी उपासना के परिणाम स्वरूप रावण चाहकर भी सीता को छू नहीं पाया और वह बिना अन्न जल के महीनों तक सुरक्षित रहीं। उन्होंने बताया कि अष्टमी की रात देवी राम के समक्ष प्रकट हुई थीं। अवतारों ने भी शक्ति की आराधना की है। अष्टमी को आज भी कुछ क्षण के लिए ही सही,लेकिन एक बार देवी का प्रकाट्य जरूर होता है। कृष्णावतार से पहले भी देवी कार्यरत थीं। वो बिजली बनकर कंस के दरबाह में आईं।

# भाजपा ने वीरांगना झलकारी बाई जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा वीरांगना झलकारी बाई की जन्म जयंती के अवसर पर आकाशवाणी रोड स्थित झलकारी बाई पार्क में उनकी प्रतिमा पर भाजपा नेताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई । भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा की मातृभूमि के गौरव और सम्मान की रक्षा करने के लिए प्राणोत्सर्ग कर देने वाली महान वीरांगना झलकारी बाई के चरणों में बारंबार प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि झलकारी बाई के वीरता और साहस की जीवनी सदैव भावी पीढ़ियों को मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगी। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री महेश उमरैया, पूर्व सभापति राकेश माहौर, संतोष गोडयाले, धर्मेन्द्र आर्य, गब्बर जाटव, सुनील नगेले, प्रेम मंडेलिया, महेंद्र मौर्य, राजेंद्र महोबिया,पोहप सिंह जाटव, संजय राजे, नन्द किशोर माहौर, अमृत लाल जाटव, पन्नालाल खेरिया, रंजीत वाल्मिकी, बलराम मंडेलिया, रोहित चावडिया, नरेंद्र पुजारी, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती रूपा, कमल खटीक, मुन्नालाल जाटव, तरुण पवैया, पिंटू परिहार, अजमेर परिहार, सूरज हलवाई, संजय भीलवार, जीतेंद्र डागोर, यशराज सूर्यवंशी आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478